# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026



समृद्धि के
उत्सव में
पहनावे का वैभव

सुमीत बाजार™

पुष्य नक्षत्र

अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ

मेन्स वियर

लेडिस वियर

टीन्स वियर

किड्स वियर

होम फर्निशिंग

एसेसरीज

गृह उपयोगी सामान

पारंपरिक एवं लेटेस्ट फैशन का
नवीनतम
फेस्टिवल कलेक्शन

छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर । आरंग भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड । दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव । नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड । बिलासपुर । भाटापारा । सिमगा । खरोरा । बालोद राजनांदगांव-बसंतपुर । डोंगरगढ़ । बेमेतरा । कवर्धा । महासमुंद । सरायपाली । बागबाहरा । धमतरी । कांकेर । कोण्डागांव ॥ उड़ीसा - खरियार रोड । नुआपाड़ा ॥ मध्यप्रदेश - बालाघाट । धामनोद

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ - रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026



DELHI
SE RAIPUR
SIRF AAPKE LIYE

GIRI ZEVER MAHAL
ARIHANT

Grand Opening
1st Nov. 2026

3%
Making Charges
on all jewellery



Nr. Navkar Jewellers, Malviya Rd.
62690 01500

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026



गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

## लौह-पुरुष सरदार पटेल का संकल्प, हमारी प्रेरणा

## नमन उन जांबाज़ों को, जिन्होंने बनाए रखी हमारी अखंडता





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

**राष्ट्रीय एकता दिवस**
**31 अक्टूबर, 2026**

### आइए एकता नगर, गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ भव्य परेड में शामिल होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें

**परेड के मुख्य आकर्षण**

- नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
- नक्सल-विरोधी अभियान का श्वान दस्ता
- जीवंत झाँकियाँ - जन संकल्पना से सृजित
- नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- 5,000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
- नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
- भव्य आतिशबाज़ी

**सुबह 9.00 बजे प्रधानमंत्री जी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5.30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर प्रसारण**

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें
**rashtriyaektadiwas.com**

CBC 19101/13/0029/2627

PROUD CREDAI MEMBER

# VB TOWER

A PROJECT BY

VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD.

## After Grand Success of

## PHASE - 1

PRESENTING

# VB TOWER

## PHASE - 2

PREMIUM COMMERCIAL OFFICES & STUDIO APPARTMENTS




SPECIAL FEATURING

**MR.SONU SHARMA**

MOTIVATIONAL SPEAKER I BUSINESS COUCH I AUTHOR

GET LATEST INSIGHTS OF REAL ESTATE

31 OCTOBER-1 PM TO 2.30 PM

LAUNCHING ON

## 31 OCT SATURDAY & 1 NOV SUNDAY 2026

WORLD CLASS AMENITIES

CAFETERIA CONFERENCE HALL PODIUM GARDEN SITTING LOUNGE

## WE DELIVERED WHAT WE PROMISED

Call for Details:

**+91 62626 20136**

MOWA, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR

VB TOWER PHASE - I
PCGRERA300922001535
HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

VB TOWER PHASE - II
PCGRERA121026002167
HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

CHHATTISGARH REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY CG RERA RAIPUR

#Rajesh

देश में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रक्रिया

# जनगणना में जाति समेत पूछे जाएंगे कई सवाल, जानकारी रहेगी गोपनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच जनगणना कराई जाएगी। हालांकि हिमपात प्रभावित और चुनावी क्षेत्रों में इस अवधि के दौरान यह प्रक्रिया नहीं की जाएगी। जनगणना आयुक्त ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, जनगणना के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 की मध्यरात्रि 12:00 बजे होगी। केंद्र सरकार ने जनगणना के दौरान भारतीयों से पूछे जाने वाले सवालों की लिस्ट भी जारी कर दी थी।

### जाति के साथ अन्य सवाल भी शामिल

इस बार की जनगणना के दौरान घर-घर जाकर लोगों से उनकी जाति के साथ ही मकान, परिवार, बुनियादी सुविधाओं और इस्तेमाल में आने वाले संसाधनों से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। जनगणना का घरों की गिनती का पहला फेज जून 2026 में पूरा हो चुका है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक 10 से 24 जनवरी 2027 तक आप खुद पोर्टल पर डेटा भर सकते हैं। ये भारत की पहली डिजिटल जनगणना है।

### इन राज्यों में जनगणना नहीं

जातीय हिंसा की वजह से मणिपुर की जनगणना अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई है। इसी प्रकार गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और मणिपुर में 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, इसलिए स्टाफ चुनाव में लगेगा तो जनगणना नहीं होगी। वहीं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के बर्फ वाले इलाकों में भी जनगणना नहीं होगी।



**सेल्फ-कैल्कुलेशन की भी सुविधा उपलब्ध :** भारत के जनगणना आयुक्त की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, जनगणना का रिव्यू फेज 1 मार्च से 5 मार्च 2027 तक आयोजित किया जाएगा। जनगणना के दौरान आप चाहें तो खुद ऑनलाइन भर दें, फिर प्रगणक आपके घर आएगा और आखिर में 5 दिन का रिवीजन राउंड होगा, ताकि कोई भी व्यक्ति न छूटे। जनगणना 2027 देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। केंद्र के मुताबिक, लोगों की दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। सेंसस एक्ट की धारा 15 के तहत इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, ना ही आरटीआई के तहत दिया जा सकता और किसी कोर्ट में सबूत के तौर पर भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

**जनगणना में पूछे जाने वाले मुख्य सवाल**

- परिवार में सामान्य रूप से रहने वाले लोगों की कुल संख्या?
- परिवार के मुखिया का नाम?
- परिवार के मुखिया का लिंग?
- परिवार का मुखिया एससी/एसटी या अन्य वर्ग से संबंधित है या नहीं?
- मकान के स्वामित्व की स्थिति?
- मोबाइल नंबर (केवल जनगणना संबंधी सूचना के लिए)?
- परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या?
- परिवार में रहने वाले विवाहित दंपतियों की संख्या?
- रसोईघर और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता?
- खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन?
- रेडियो या ट्रांजिस्टर की उपलब्धता?
- टेलीविजन की उपलब्धता?
- इंटरनेट सुविधा?
- लैपटॉप या कंप्यूटर की उपलब्धता?
- टेलीफोन, मोबाइल फोन या स्मार्टफोन की उपलब्धता?
- साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल या मोपेड?
- कार, जीप या वैन की उपलब्धता?
- परिवार द्वारा खाया जाने वाला मुख्य अनाज?
- परिवार से संबंधित अन्य निर्धारित जानकारी?
- स्व-गणना से मिलेगी जानकारी दर्ज करने की सुविधा?

इनके सहित अन्य कई जानकारियां भी नागरिकों से ली जाएंगी।

इजरायल में वोटों की गिनती खत्म, सरकार बनाने गठजोड़ की कवायद

# इजरायल में नहीं मिला किसी को बहुमत अरब पार्टियों के हाथ सत्ता की चाबी

इज़राइल में संसदीय चुनावों की मतगणना पूरी कर ली है, लेकिन नतीजों के बाद नेतन्याहू गुट 120 सदस्यों वाली संसद में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गया है। विपक्ष को भी बहुमत नहीं मिला है। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार,120 सदस्यों वाली संसद (नेसेट) में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिलीं, जबकि विपक्षी दलों ने 48 और अरब दलों ने 19 सीटें जीतीं। नेतन्याहू की 'लिकुड' पार्टी 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

एजेंसी ▶▶| येरुशलम

इज़राइल संसदीय में न तो गठबंधन और न ही विपक्षी खेमा संसदीय बहुमत के लिए जरूरी 61 सीटों का आंकड़ा हासिल कर सका, जिससे सत्ता का संतुलन अनिश्चित बना हुआ है। नेतन्याहू ने वोट में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। वहीं, चुनावी धांधली और विदेशी दखल के आरोपों पर चुनाव अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



### ... तो फिर नेतन्याहू की रहेगी कार्यवाहक सरकार

गठबंधन बनाने के लिए नेताओं को कई मुश्किल समझौते करने पड़ सकते हैं, जिससे उनके अपने ही मतदाता नाराज हो सकते हैं। अगर वे ऐसा करने में नाकाम रहते हैं, तो अगले साल की शुरुआत में फिर से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। तब तक नेतन्याहू की सरकार 'कार्यवाहक सरकार' (केयरटेकर गवर्नमेंट) के तौर पर काम करती रहेगी।

### अगले पीएम को लेकर उलझा मामला

इजरायल के चुनाव नतीजे आ जाने के बाद यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अब अलग-अलग पार्टियों का लक्ष्य 120 सदस्यों वाली संसद में 61 सीटों का बहुमत जुटाना है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी, पूर्व सैन्य प्रमुख गाडी आइसेनकोट, दोनों के लिए ही आगे का रास्ता काफी मुश्किल है। ऐसे में अरब पार्टियों का गुट जिसने ऐतिहासिक रूप से 19 सीटें जीती हैं, एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### विपक्षी दल भी सरकार बनाने लगा जोड़-तोड़ में

*निवर्तमान विपक्ष नेता और 'बी-याचाद' के दूसरे सबसे बड़े नेता यायर लैपिड ने चुनाव नतीजों को नेतन्याहू-विरोधी खेमे की जीत बताया है, भले ही यह गठबंधन स्पष्ट बहुमत हासिल करने में नाकाम रहा हो। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने समर्थकों से धैर्य रखने को कहा है, क्योंकि विपक्षी दल सरकार बनाने के लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं।*

### इजराइल चुनाव में किसे मिली कितनी सीटें

*इजराइल की संसद, 'नेसेट' में कुल 120 सीटें हैं। इनमें से नेतन्याहू के नेतृत्व वाले 'लिकुड' गुट को 53 सीटें मिलीं। विपक्षी गुट में गादी आइसेनकोट की 'यशार' पार्टी (21 सीटें), नफ्ताली बेनेट की 'बी-याचाद' पार्टी (12 सीटें), यायर गोलान की 'डेमोक्रेट्स' (8 सीटें) और एविग्डोर लिबरमैन की 'यिसरायल बेतेनु' (7 सीटें) शामिल हैं। अरब नेतृत्व वाली 'राआम' और 'जॉइंट लिस्ट' पार्टियों ने क्रमशः 11 और 8 सीटें जीतीं।*

### नेतन्याहू बोले- अरब पार्टियों ने की है धोखाधड़ी

इजरायली प्रधानमंत्री और लिकुड नेता बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को अपने 'चुनावी रिश्वतखोरी' के दावों को दोहराया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक टेलीविजन रिपोर्ट भी पोस्ट की। लिकुड पार्टी का आरोप है कि मंगलवार को हुए चुनाव में अरब पार्टियों ने धोखाधड़ी की है। पार्टी ने पुलिस, शिन बेट और केंद्रीय चुनाव समिति से इस मामले की जांच कराने की मांग की है।




27 भारतीयों वाले टैंकर को बनाया निशाना

# होर्मुज में पहली बार 'चुंबक बम' से हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री जहाजों पर हमलों का खतरा बढ़ता जा रहा है. 30 अक्टूबर को 27 भारतीय नाविकों को लेकर जा रहे पनामा के झंडे वाले तेल टैंकर पर लिंपेट माइंस (चुंबक बम) से हमला किया गया। धमाके के बाद जहाज के इंजन रूम में आग लग गई और टैंकर कुछ समय के लिए काम करना बंद कर गया। हालांकि, सभी 27 भारतीय क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसकी पुष्टि की है। ब्रिटिश नौसेना से जुड़ी एजेंसी के मुताबिक, गुरुवार को यह घटना ओमान के खासाब शहर से करीब 25 समुद्री मील यानी लगभग 46 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हुई।

### इस प्रकार बनाया जहाज को निशाना

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हमले में एक छोटी नाव टैंकर के पास पहुंची और उसके बाहरी हिस्से पर दो लिंपेट माइंस चिपकाकर वहां से निकल गई। इसके बाद जहाज में आग लग गई। क्रू मेंबर्स ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के घायल होने या समुद्र में तेल फैलने की जानकारी नहीं है। आग बुझने के बाद टैंकर ने फिर से अपना सफर शुरू कर दिया।

# मोदी को बदनाम करने अफरातफरी फैलाने का था प्लान

### बनासकांठा में बोले पीएम

एजेंसी ▶▶| बनासकांठा

गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बनासकांठा में 14 हजार करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तथा विपक्ष पर भी निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि आज देश का हर किसान और नौजवान विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ लोगों को यह अच्छा नहीं लग रहा। ये देश को मुश्किल में देखना चाहते हैं। इनका प्लान देश में अफरातफरी फैलाने का था ताकि 'मोदी' को बदनाम कर सकें।



### किसानों को दिखाया खाद की कमी का डर

ईरान और खाड़ी देशों के आसपास तनाव के समय जब भारत एकजुट होकर इसका सामना कर रहा था, तब ये लोग खाद की कमी की अफवाहें फैला रहे थे लेकिन सरकार ने खाद की कमी नहीं होने दी। दुनिया में यूरिया की बोरी सबसे सस्ती भारत में 300 रुपये की मिलती है। डीएपी की कीमत दुनिया में सबसे कम भारत में सिर्फ 1,350 रुपये है।

### खेती में विज्ञान और तकनीक का समावेश

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'खेती हमारे देश की परंपरा भी है और संस्कृति भी है। पिछले 12 वर्षों में हमारी सरकार ने इसमें विज्ञान और तकनीक का व्यापक समावेश किया है। सॉइल हेल्थ कार्ड इसका बड़ा उदाहरण है। आज 26 करोड़ से अधिक सॉइल हेल्थ कार्ड किसानों के पास हैं, जिससे खेती के तौर-तरीकों में आधुनिकता आई है।




विदेशी जीपीएस पर निर्भरता कम होगी

# इसरो ने एनवीएस-03 सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग की

**नई दिल्ली।** इसरो ने 30 अक्टूबर 2026 की रात 11.51 बजे जीएसएलवी-एफ18 रॉकेट के जरिए एनवीएस -03 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर में लॉन्च पैड 2 से हुई। इस सैटेलाइट को इसरो 170 किलोमीटर के पेरिजी और 37023 किलोमीटर की एपोजी वाले ऑर्बिट में तैनात करेगा। इसकी लान्चिंग से विदेशी जीपीएस पर निर्भरता कम होगी। पेरिजी यानी धरती से नजदीकी दूरी और एपोजी यानी पृथ्वी से अधिकतम दूरी। इससे एनएवीआईसी की सेवाएं बेहतर होंगी और जीपीएस पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। यानी मोबाइल पर रास्ता देखना हो, गाड़ी की लोकेशन पता करनी हो या समुद्र में जहाज की दिशा जाननी हो, इन सभी कामों के लिए सैटेलाइट की मदद ली जाती है।

### क्या है एनवीएस-03 सैटेलाइट?

एनवीएस-03 भारत के नए नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का तीसरा सैटेलाइट है। इसे इसलिए तैयार किया गया है ताकि भारत का एनएवीआईसी सिस्टम लगातार काम करता रहे और इसकी सेवाएं बेहतर हों। इस सैटेलाइट में सबसे खास चीज स्वदेशी परमाणु घड़ी है। इसके साथ विदेश से खरीदी गई परमाणु घड़ियां भी लगाई गई हैं।

सीबीएसई का बड़ा बदलाव

# 9वीं और 10वीं कक्षा में अब व्यावसायिक शिक्षा जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छात्रों के लिए एक बड़ी खबर है। 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9 में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए सीबीएसई ने 9वीं और 10वीं में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य कर दिया है। अब छात्रों को कौशल विकास प्रोग्राम या फिर डेटा साइंस और रिटेल जैसे 22 कौशल-आधारित विषयों में से किसी एक को चुनने का विकल्प मिलेगा। जो छात्र कोई कौशल विषय चुनेंगे, उन्हें 10वीं में बोर्ड परीक्षा देनी होगी; जबकि कौशल विकास प्रोग्राम चुनने वालों का मूल्यांकन स्कूल के भीतर ही किया जाएगा।



### सीबीएसई ने 33% पास होने की शर्त तय की

सीबीएसई इंडिविजुअल्स इन सोसाइटी और पर्यावरण शिक्षा जैसे विषयों को हटा रहा है। खास बात यह है कि अगर कोई छात्र किसी कौशल विषय में पास हो जाता है, तो वह गणित, विज्ञान या सामाजिक विज्ञान में से किसी एक विषय की जगह ले सकता है। इससे छात्रों को थोड़ी सहूलियत मिलेगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026



सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103780/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126750/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138359/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur





# शराब, कोल, मेडिकल घोटाले में ईओडब्लू के छह जिलों में छापे, कारोबारियों के 16 ठिकानों पर जांच

राज्य के चर्चित, शराब, कोल, मेडिकल घोटाला प्रकरण में शुक्रवार को ईओडब्लू की टीम ने राज्य के आधा दर्जन जिलों के 16 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। इसके अलावा रायपुर में ईडी ने भी शराब, कोल घोटाले में अनवर ढेबर के ठिकानों पर जांच की। एजेंसी के मुताबिक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, गरियाबंद और कोरबा जिले में छापे मारे गए। यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।

### कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राजा जायसवाल के यहां भी छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईओडब्लू, एसीबी की टीम रायपुर में रियल एस्टेट कारोबारी सुदर्शन शर्मा के वीआईपी एस्टेट स्थित आवास पहुंची थी। इसके साथ राजनांदगांव में कारोबारी वैभव गोलछा और जय बग्गा, दुर्ग, भिलाई के ट्रांसपोर्टर जितेंद्र सिंह के ठिकानों सहित ऑयल तथा ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े उनके साले संतोष सिंह, बिलासपुर, उस्लापुर स्थित कोल कारोबारी शाजिद खान, गरियाबंद जिला के गोबरा नवापारा और राजिम में कारोबारी विमल पारख तथा राजा पारख के प्रतिष्ठान शांति विजय और नवकार ज्वेलर्स के साथ राजा पारख के निवास पर छापे की कार्रवाई की है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईडी ने शराब, कोल घोटाला मामले में अनवर के यहां की छापे की कार्रवाई




### इतने ठिकानों पर रेड

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के अनुसार शराब घोटाला प्रकरण में रायपुर एवं राजनांदगांव जिलों के कुल छह स्थानों पर तलाशी चली है। कोल लेवी घोटाले से संबंधित प्रकरण में जांच एजेंसी ने कोरबा, बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग जिलों के कुल छह स्थानों पर जांच की। इसी प्रकार मेडिकल घोटाले से संबंधित प्रकरण में रायपुर एवं गरियाबंद जिले के चार स्थानों पर छापे की कार्रवाई की।

### जिनके यहां रेड उन पर इन प्रकरणों में शामिल होने का आरोप

राजनांदगांव के कारोबारी वैभव गोलछा, जय बग्गा को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का करीबी माना जाता है। उनके ठिकानों पर एसीबी, ईओडब्लू की टीम शराब घोटाला प्रकरण की जांच करने पहुंची थी। इन दोनों कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई करने रायपुर से 20 सदस्यी टीम पहुंची हुई थी। भिलाई के ट्रांसपोर्ट कारोबारी जितेंद्र सिंह तथा उनके साले के यहां टीम आबकारी तथा कोल घोटाला प्रकरण की जांच करने पहुंची थी। बिलवासपुर में शाजिद खान के यहां कोल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### छापे में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने का दावा

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक कार्रवाई के दौरान प्रकरणों से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं, अवैध लेन-देन एवं आर्थिक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेख, संपत्तियों की रजिस्ट्री के दस्तावेज, डिजिटल उपकरण एवं अन्य साक्ष्य संकलित किए गए हैं। तलाशी के दौरान प्राप्त नवीन तथ्यों एवं साक्ष्यों से प्रकरणों में पूर्व में स्थापित साक्ष्यगत कड़ियों को और अधिक मजबूती मिलने की संभावना है। प्राप्त दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों एवं अन्य साक्ष्यों का सूक्ष्म परीक्षण एवं विश्लेषण किया जा रहा है। प्रकरणों से संबंधित आरोपियों की भूमिका एवं उनके विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक एवं विवेचनात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहने की बात कही गई है।

# यह देश भक्तों और देश विरोधियों के बीच की लड़ाईः नड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत शुक्रवार को दुर्ग पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने एक आमसभा में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह देशभक्तों और देशविरोधी तत्वों के बीच की लड़ाई है। देश की व्यवस्था घुसपैठियों के सहारे नहीं चलने दी जाएगी। कांग्रेस जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर ▶▶|शेष पेज 6 पर

*विष्णुदेव साय सहित कई मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हुए शामिल*



### जनता मन बना चुकी इसलिए पूरे देश में हार रही है कांग्रेसः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति से पूरा देश अवगत है। आपातकाल को देश आज भी भुला नहीं पाया है। उन्होंने 1975 के आपातकाल का उल्लेख किया और कहा कि जो कांग्रेस आज लोकतंत्र की दुहाई देती है, उसने अपने शासनकाल के दौरान बार-बार अनुच्छेद 356 का राजनीतिक फायदा उठाकर प्रांतीय सरकारों को अस्थिर किया था। कांग्रेस को लेकर देश की जनता मन बना चुकी है। ▶▶|शेष पेज 6 पर


होम एन्ड फेस्टिव स्पेशल्स

₹1,499** सिर्फ
पिजन न्यूट्री मास्टर 3 जार
मूल कीमत ₹3,395

₹1,699** सिर्फ
पिजन इन्डक्शन 1800 वॉट रैपिडो
मूल कीमत ₹3,195



₹2,899** सिर्फ
पिजन 4.2 ली डिजीटल एअर फ्रायर
मूल कीमत ₹7,995

₹2,099** सिर्फ
वंडरशेफ एक्यूरा ब्लेन्डर प्रो 500 वॉट
मूल कीमत ₹5,250

₹229** सिर्फ
स्कॉच ब्राइट नो डस्ट झाड़ू
मूल कीमत ₹325

₹99** से आगे
कैसेरोल




₹299** सिर्फ
जोयो स्टोरवेल कंटेनर 5 ली / 7 ली / 10 ली
मूल कीमत ₹931

₹99* सिर्फ
येरा गिलास सेट 6 पीस
मूल कीमत ₹230

₹105* सिर्फ
सिरेमिक मग सेट 6 पीस
मूल कीमत ₹190

₹199* सिर्फ
ग्लास पुडींग सेट 7 पीस
मूल कीमत ₹440




₹459* सिर्फ
मेलामाइन डिनर सेट 17 पीस
मूल कीमत ₹1,250

₹399* सिर्फ
स्टील डूओ डिनर सेट 10 पीस
मूल कीमत ₹999

₹1,299** सिर्फ
एरिस्टोक्रेट रेन्जर प्रो
मूल कीमत ₹5,420

₹699** सिर्फ
सफारी ड्रिफ्टर डफ़ल बैग 56 सेमी X 26 सेमी X 30 सेमी
मूल कीमत ₹1,999



₹649** सिर्फ
बजाज ड्राय आयरन Dx4
मूल कीमत ₹1,540

₹169** सिर्फ
प्रिंटेड सिंगल बेडशीट 140 सेमी X 225 सेमी
मूल कीमत ₹190

₹99* सिर्फ
टी लाइट कैन्डल 30 पीस
मूल कीमत ₹110

₹69** से आगे
दिवाली गन



₹59* सिर्फ
मिट्टी का दिया 4 पीस पैक
मूल कीमत ₹75

₹149** से आगे
दिवाली 28 एलइडी डेको लाइट

त्यौहार की सारी खुशियाँ अब बजट में



ग्रोसरी

₹94* सिर्फ
लूज़ चना दाल 1 किलो

₹49* सिर्फ
लूज़ रवा 1 किलो

₹499* सिर्फ
काजू 500 ग्राम
मूल कीमत ₹712

₹79* सिर्फ
गुड़ 900 ग्राम
मूल कीमत ₹120




₹41* सिर्फ
लूज़ मैदा 1 किलो

₹80* सिर्फ
लूज़ बेसन 1 किलो

₹589* सिर्फ
बादाम 500 ग्राम
मूल कीमत ₹810

₹115* सिर्फ
इलायची ग्रीन इको 25 ग्राम
मूल कीमत ₹161

गार्मेन्ट्स

₹499** से आगे
मेन्स लॉंग कुर्ता

₹199** से आगे
मेन्स कैजुअल / फॉर्मल शर्ट

₹349** से आगे
मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र / जीन्स



₹99** से आगे
लेडीज़ दुपट्टा / स्टोल

₹199** से आगे
लेडीज़ एथनिक शॉर्ट / लॉंग कुर्ता

₹199** से आगे
बॉयज़ शर्ट

₹299** से आगे
गर्ल्स कुर्ता

D Mart®
Daily Discounts Daily Savings

डेली एसेंशिअल्स

30% छूट मूल कीमत पर
बिकाजी रिश्ते स्वीट एन्ड नमकीन गिफ्ट पैक (संपूर्ण रेंज)

50% छूट मूल कीमत पर
बज़ाना / प्रो-वी ड्रायफ्रूट गिफ्ट पैक (संपूर्ण रेंज)



12% छूट मूल कीमत पर
हल्दीराम्स स्वीट एन्ड नमकीन गिफ्ट पैक (संपूर्ण रेंज)

30% छूट मूल कीमत पर
कैडबरी सेलिब्रेशन्स गिफ्ट पैक (मूल कीमत ₹50 से ऊपर की संपूर्ण रेंज पर)

₹185*/₹175* सिर्फ
बिकाजी गोल-म-गोल गुलाब जामुन / गोल-मटोल रसगुल्ला 1.25 किलो
मूल कीमत ₹290 / ₹275

₹625* सिर्फ
हल्दिराम्स देसी घी रिफील 1 ली
मूल कीमत ₹730

₹110* सिर्फ
हल्दिराम्स सोन पापड़ी 500 ग्राम
मूल कीमत ₹135




20% छूट मूल कीमत पर
फेरेरो रोशर 200 ग्राम / 300 ग्राम

₹499*/₹459* सिर्फ
प्रो-वी इंडिपेन्डन्स बादाम / सिलेक्ट काजू 500 ग्राम
मूल कीमत ₹890 / ₹1,005

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
हल्दिराम्स बेसन लड्डू 500 ग्राम
मूल कीमत ₹320*

₹199* सिर्फ
बिकाजी भुजिया सेव 1 किलो
मूल कीमत ₹350

₹159* सिर्फ
हेम सोहम पूजा तेल 900 मि.ली.
मूल कीमत ₹265



₹99* सिर्फ
साइकिल ऑल इन १ अगरबत्ती 191 पीस
मूल कीमत ₹150

1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
बेला वीटा युनिसेक्स परफ्यूम गिफ्ट पैक 4 पीस X 20 मि.ली.
मूल कीमत ₹649*

न्यूनतम 9% छूट

• देवपुरी: 9109097849
• भिलाई, अंबाडी नगर: 6269500098
• भिलाई, पोटियाकला दुर्ग: 9630804906
• भिलाई, नेशनल हाइवे-6: 9752574902/9752098603
• राजनांदगांव: 6269500166
• रायपुर,रिंग रोड: 0771-2262922
• रायपुर, सिटी मॉल: 6262000236
• बिलासपुर, सरकंडा: 9630556273

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व के उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद के ऑफर्स स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं. इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड, संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं.^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/10/26

चिंतन

# डिजिटल करंसी की बड़ी कमजोरी उजागर

डिजिटल अर्थव्यवस्था के दौर में क्रिप्टोकरेंसी को भविष्य की मुद्रा और वित्तीय लेन-देन की नई क्रांति के रूप में पेश किया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि ब्लॉकचेन तकनीक पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से महज 20 मिनट में 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की क्रिप्टो संपत्ति चोरी होना डिजिटल करेंसी की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यदि इतनी बड़ी डिजिटल व्यवस्था में सेंध लग सकती है तो छोटे निवेशकों की पूंजी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? यह घटना केवल एक कंपनी की सुरक्षा में चूक का मामला नहीं, बल्कि तेजी से फैलते क्रिप्टो बाजार की संरचनात्मक कमजोरियों का संकेत है। खबरों के मुताबिक, साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजेक्शन वॉयलेट्स को निशाना बनाया। कंपनी ने एहतियातन निकासी पर रोक लगाई और ग्राहकों को संभावित नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है। सुरक्षा जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस और साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों की भूमिका का दावा किया है। बाइनेंस ने करीब तीन अरब डॉलर यानी लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्तियां फ्रीज करने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई बताती है कि डिजिटल दुनिया में चोरी की गई संपत्ति को रोकना संभव है, लेकिन उसे वापस हासिल करना आसान नहीं। वर्ष 2025 में बायबिट एक्सचेंज से 1.5 अरब डॉलर और 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर की चोरी हुई थी। इसके अलावा वजीरएक्स में भी करोड़ों की चोरी हो चुकी है। बाइनेंस से कथित 6.3 अरब डॉलर की चोरी इन दोनों घटनाओं से कहीं बड़ी है। यदि यह आंकड़ा जांच में पुष्ट होता है तो इसे क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी सेंधमारी में गिना जाएगा। इस घटना के बाद बिटकॉइन सहित कुछ क्रिप्टोकरेंसी में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट भी दर्ज होने की खबर है। बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इनमें अनुमानित दो से ढाई करोड़ भारतीय भी शामिल हैं। कंपनी का आश्वासन अहम है, लेकिन निवेशक का भरोसा केवल बयान से नहीं, पारदर्शी जांच और नुकसान की वास्तविक भरपाई से कायम होगा। निवेशकों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि डिजिटल संपत्ति होने के कारण उनका पैसा सुरक्षित हो जाता है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट, नियमित खुलासा, पर्याप्त रिजर्व, मजबूत साइबर सुरक्षा और आपात स्थिति में ग्राहकों के हितों की रक्षा के स्पष्ट नियम जरूरी हैं। एक्सचेंजों को अपनी संपत्तियों और ग्राहकों की देनदारियों का नियमित सत्यापन कराना चाहिए। तकनीक अपने आप में न सुरक्षित होती है, न असुरक्षित; उसकी विश्वसनीयता उसे संचालित करने वाली व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और जवाबदेही से तय होती है। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में विकेंद्रीकरण और स्वतंत्रता के बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन संकट के समय निवेशक उसी एक्सचेंज और उसकी व्यवस्था पर निर्भर हो जाता है। बाइनेंस प्रकरण का सबसे बड़ा सबक यही है कि डिजिटल मुद्रा का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत सुरक्षा, पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण से तय होगा। सरकारों और नियामक संस्थाओं को भी इसे केवल निवेश का नया विकल्प मानने के बजाय वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौती के रूप में देखना होगा। भरोसा टूटने पर दोबारा बनाने में वर्षों लगते हैं।



एसआईआर

ओ. पी. चौधरी

# संवैधानिक प्रक्रिया से परहेज क्यों

लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है, और धारा 16 गैर-नागरिकों को सूची से बाहर रखती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर को अनुच्छेद 324 और धारा 21 (3) के तहत वैध ठहराया।

पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक अधिदेश को जीवंत करती है। बाद में अदालत ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है। जब देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रक्रिया को वैध माना है, तब उसे 'लोकतंत्र पर हमला' बताना जनता को भ्रमित करने की कोशिश भर है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भारतीय चुनावी व्यवस्था का पुराना हिस्सा है। आजादी के बाद 1952 से अब तक देश में ऐसे 8 बार मतदाता सूची पुनरीक्षण हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश उस दौर में हुए जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। तब न इन्हें असंवैधानिक कहा गया, न 'वोट चोरी' का नाम दिया गया। पिछला गहन पुनरीक्षण 2002-04 में हुआ था। दो दशक से अधिक समय में तेज शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत मतदाताओं के नाम न हटने और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों जैसी समस्याएं बढ़ीं।

ऐसे में सूची की शुद्धता के लिए नया पुनरीक्षण स्वाभाविक कदम था। सवाल यह है कि जो पार्टी पहले ऐसी प्रक्रियाओं की साक्षी रही, वह आज इसे संदिग्ध क्यों बता रही है। कांग्रेस आज निष्पक्षता की दुहाई देती है, लेकिन चुनाव आयोग के साथ उसका अपना इतिहास सवालों से भरा है। 1989 तक चुनाव आयोग एकल सदस्यीय हुआ करता था। राजीव गांधी सरकार ने आम चुनाव की घोषणा से महज एक महीने पहले उसे तीन सदस्यीय बना दिया। आज ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के शासन में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर आगे तक आयोग के कई शीर्ष अधिकारियों के राजनीतिक सफर पर भी नजर डालिए। टी.एन. शेषन बाद में कांग्रेस के टिकट पर गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़े। एम.एस. गिल सेवानिवृत्ति के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री बने।

नवीन चावला की नियुक्ति और कार्यकाल को लेकर विवाद रहा, और आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग ने उनके क्रियाकलापों पर आपत्ति भी जताई थी। एसआईआर का उद्देश्य स्पष्ट है। मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम हटें, अपात्र या गैर-नागरिक सूची में न रहें, और हर पात्र नागरिक का नाम



दर्ज हो। लेकिन कांग्रेस सबसे बड़ा झूठ फैला रही है कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए। जबकि यह संख्या अंतिम सूची से हटाए गए नामों की नहीं, बल्कि मसौदा सूची बनाते समय अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि (एएसडीडी) की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं की है। इनमें लगभग 2.8 करोड़ मृत, लगभग 3 करोड़ अनुपस्थित या खोजे न जा सके, लगभग 6.3 करोड़ स्थायी रूप से अन्यत्र बसे और लगभग 1 करोड़ एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यानी इस आंकड़े का हर हिस्सा मृतकों, पलायन कर चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियों का है। जिस सूची में 2.8 करोड़ दिवंगत लोग मतदाता बने हुए थे, उसे वैसे ही चलने देना चुनाव की शुचिता के साथ न्याय कैसे होता? और जिनके नाम एक से अधिक जगह थे, उन्हें दोबारा वोट डालने का मौका देना किसके हित में होता? कांग्रेस ने 2014 के बाद से हार के कारण खोजने की जगह आरोपों की राजनीति चुनाव-दर-चुनाव प्रदर्शन में गिरावट का ईमानदार आत्मविश्लेषण करने के बजाय बहाने खोजे। कभी ईवीएम पर सवाल उठाए, कभी 'वोट चोरी' का आक्षेप लगाया। लेकिन अपने किसी भी आरोप को वह न कानून की अदालत में प्रमाणित कर सकी, न जनता की अदालत में। जनता ने बार-बार अपने मत से इन आरोपों को खारिज किया है। राहुल गांधी भलीभांति समझते हैं कि संगठन की कमजोरी, नेतृत्व को लेकर असमंजस और जमीनी कार्यकर्ताओं से दूरी जैसे असली कारणों पर बात करने के बजाय संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना सरल रास्ता है। लेकिन इसकी कीमत लोकतंत्र चुकाता है। जब हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा किया जाता है, तो नुकसान किसी एक दल का नहीं, पूरी व्यवस्था की साख का होता है। राहुल गांधी जिस प्रकार नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका की भांति रेजिम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन की बातों को हवा दे रहे हैं और विदेशी समर्थन के सहारे भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक छटपटाहट को दर्शाता है। जनता का विश्वास और जनाधार खो चुकी कांग्रेस अब चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका व अन्य संवैधानिक संस्थाओं तक, हर संस्था की विश्वसनीयता पर संदेह खड़ा कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता परिवर्तन का रास्ता जनता का जनादेश है, न कि युवाओं को उकसाकर देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल पैदा करना। आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटने और 1984 के सिख विरोधी दंगों में हुई भयावह हिंसा के दौर में कांग्रेस की भूमिका का इतिहास देश भूला नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सबको है, और किसी भी प्रक्रिया की खामियां उजागर करना विपक्ष का दायित्व भी है। लेकिन शिकायत और दुष्प्रचार में फर्क होता है। शिकायत के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं, और जहां कमी हो वहां सुधार की गुंजाइश भी, लेकिन बिना प्रमाण के संवैधानिक संस्था को बदनाम करना जनादेश का अपमान है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का रखरखाव उसके निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग का कहना कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मसौदा तैयार करने के चरण के दौरान आयोग के सदस्यों द्वारा उठाए गए परिचालन संबंधी प्रश्न या सुझाव मानक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे, जनता के बीच लौटे और मुद्दों की राजनीति करे। संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है।

( लेखक छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# राष्ट्रीय एकता व अखंडता के सुदृढ़ स्तंभ सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में वे मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे। अहमदाबाद में रहकर वकालत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल जी अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी, जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी, जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल जी को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल



निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फंसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे, वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया और अपने सचिव बीपी मेनन के साथ मिलकर राजवाड़ों की रियासतों का अंतिम समाधान करने का निश्चय किया। अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना ने अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने सेना भेजकर उनकी सहायता की और फिर कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ जी का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिला लिया गया। विश्व के इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ, जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। सरदार पटेल मनसा, वाचा, कर्मणा पूर्ण रूप से भारतवर्ष को समर्पित थे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित

दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**धुएं वाली दिवाली से बचें**

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास व रिश्तों के अपनत्व के साथ मनाई जाती थी। आज भी यह परिदृश्य कहीं-कहीं देखा जा सकता है। लेकिन अब समय बदल चुका है और लोग दिवाली के दिन खूब पटाखे जलाते हैं। इससे चारों ओर प्रदूषण फैल जाता है। महानगर में तो सांस लेना भी कठिन हो जाता है। कुछ हद तक पटाखे जलाने की छूट है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि थोक में ही पटाखे जला दिए जाएं। हमें दिवाली इस तरह मनानी चाहिए कि बूढ़े और बीमार लोगों को कोई तकलीफ न हो।

- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### उद्देश्यपूर्ण नवाचार



बनासकांठा स्थित 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' पशुपालन के क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह वास्तव में एक उद्देश्यपूर्ण नवाचार है, जो हमारे किसानों के लिए अधिक समृद्धि सुनिश्चित करता है! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सांस्कृतिक विरासत



राष्ट्रीय राजधानी में स्थित गोवा सदन, गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विशिष्ट पहचान का एक सुंदर प्रतीक है। यह इमारत दिल्ली और गोवा के बीच गहरे संबंधों, प्रशासनिक समन्वय और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करेगी। -रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र का हिस्सा



चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हार के बाद अराजकता फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यही कारण है कि आज देश की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को नकार दिया है, और भविष्य में भी जनता ही उनसे जवाब मांगेगी।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### सिन्हा का निधन दुःखद



वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा का निधन अत्यंत दुःखद है। वे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# किम ने दिया ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार का निर्देश



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की ड्रोन तकनीक का तेजी से विस्तार करने का आह्वान किया है, साथ ही विभिन्न हथियारों के परीक्षणों का जायजा भी लिया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच भारी सैन्य किलेबंदी वाली सीमा पर तनाव है। उन्नत ड्रोन तकनीक हासिल करना किम की प्राथमिकताओं में शामिल है और वह अब उत्तर कोरिया की पारंपरिक सैन्य क्षमता के साथ-साथ परमाणु हथियारों की ताकत भी बढ़ाना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहयोग के लिए भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना और युद्धक्षेत्र के अनुभवों से ड्रोन युद्ध की महत्वपूर्ण जानकारी और विशेषज्ञता हासिल हुई होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न प्रकार के हमलावर और अन्य ड्रोन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में मानवरहित विमानन तकनीक के क्षेत्र में हालिया उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए किम ने ड्रोन तकनीक में 'पूर्ण श्रेष्ठता' हासिल करने की जरूरत पर जोर दिया।

## ऑफ बीट

# डॉक्टर से पहले चैटजीपीटी से पूछते है सेहत संबंधी सवाल



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए चैटजीपीटी या अन्य बड़े भाषा मॉडल अथवा चैटबॉट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह चलन लगातार बढ़ रहा है। भले ही आप एआई चैटबॉट का इस्तेमाल न करते हों, लेकिन गूगल पर कुछ खोजने पर भी अक्सर आपको एआई की ओर से तैयार किया गया सारांश दिखाई देता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इसका मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर क्या असर पड़ रहा है? और इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित तथा प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? लोग स्वास्थ्य संबंधी सवालों के लिए एआई चैटबॉट का इस्तेमाल क्यों करते हैं। ब्रिटेन में हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कुछ लोग अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए चैटबॉट से स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछते हैं, लेकिन एक-तिहाई से अधिक लोग यह तय करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं कि उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है या नहीं। करीब आधे लोगों ने चैटबॉट को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना में अधिक सुविधाजनक पाया। चैटबॉट का इस्तेमाल करने वाले आधे से अधिक लोगों का मानना था कि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार 31 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 102
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.0
न्यून. 21.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# सरकार का सिस्टम बदला, अब श्रमिक परिवारों का खर्च तय करेगा न्यूनतम मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब मजदूरों का मेहनताना तय करने का सिस्टम बदल गया है। राज्य में न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए श्रमिक परिवार की जरूरतों और जीवन-यापन पर होने वाले खर्च को आधार बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए मजदूरी संहिता (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 बनाया है। इन नियमों में भोजन, कपड़े, आवास, ईंधन, बिजली, बच्चों की शिक्षा और चिकित्सा सहित विभिन्न मदों पर होने वाले खर्च को न्यूनतम मजदूरी की गणना में शामिल करने के मानक तय किए गए हैं। साथ ही, परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए साल में दो तारीखें निर्धारित की गई हैं।

अलग खबर

## बच्चों की पढ़ाई, इलाज और मनोरंजन के लिए अलग राशि का प्रावधान

### इन जरूरतों के लिए है प्रावधान

इसके अतिरिक्त, ईंधन, बिजली और अन्य विविध खर्चों के लिए न्यूनतम मजदूरी का 20 प्रतिशत तथा बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा जरूरतों, मनोरंजन और आकस्मिक खर्चों के लिए 25 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है। इस तरह मजदूरी की गणना के मानकों में केवल भोजन ही नहीं, बल्कि परिवार की दूसरी जरूरी जरूरतों को भी जगह दी गई है।




### मजदूर पति-पत्नी और दो बच्चों के आधार पर होगी गणना

नियमों के अनुसार, न्यूनतम मजदूरी की दैनिक दर निर्धारित करने के लिए मानक श्रमिक परिवार में श्रमिक, उसका जीवनसाथी और दो बच्चे शामिल माने गए हैं। परिवार की कुल खपत को तीन वयस्क उपभोग इकाइयों के बराबर माना गया है। भोजन की जरूरत तय करने के लिए प्रति उपभोग इकाई प्रतिदिन 2,700 कैलोरी का मानक रखा गया है। कपड़ों की जरूरत के लिए एक मानक श्रमिक परिवार के वास्ते सालाना 66 मीटर कपड़े का प्रावधान है। आवास के खर्च को भी मजदूरी की गणना में शामिल किया गया है। इसके लिए भोजन और वस्त्र पर होने वाले खर्च का 10 प्रतिशत आवासीय किराये के रूप में निर्धारित किया गया है।

### साल में दो बार बदलेगा महंगाई भत्ता

नए नियमों के नियम 5 में परिवर्तनशील महंगाई भत्ते (वीडीए) के पुनरीक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके अनुसार, भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा तैयार किए जाने वाले मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण साल में दो बार, 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर को किया जाएगा। न्यूनतम मजदूरी की दर निर्धारित करते समय सरकार को भौगोलिक क्षेत्र, संबंधित रोजगार में अनुभव और काम के लिए जरूरी कौशल के स्तर को ध्यान में रखना होगा। इसके तहत अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और उच्च कुशल श्रमिकों की श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।

### पीस रेट मजदूरों के लिए ये प्रावधान

टुकड़ा-दर यानी पीस-रेट पर काम करने वाले श्रमिकों की मजदूरी निर्धारित करने के लिए भी अलग प्रावधान है। इसमें यह आकलन करना होगा कि काम की एक इकाई पूरी करने में कितना समय लगता है, बीच में कितने विश्राम की जरूरत है और आठ घंटे के कार्यदिवस में उचित रूप से कितनी इकाइयों का काम पूरा किया जा सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के लिए 6 जजों के नामों की अनुशंसा

**बिलासपुर।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के लिए कुल 6 जजों के नामों की अनुशंसा की है। इसमें चार नए जज बेंच कोटे से तो 2 जजों का नाम बार कोटे से अनुशंसित की गई है। इसके बाद केन्द्र सरकार और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद सभी हाईकोर्ट जज नियुक्त किए जाएंगे। इसमें बेंच कोटे से आनंद शुक्ला, रत्न निधि पुष्टी, शशांक ठाकुर और सौरभ शर्मा शामिल हैं। इसके साथ ही रजनीश श्रीवास्तव और बलराम प्रसाद वर्मा के नामों की अनुशंसा भी की गई है।



### बीमा कंपनियों ने शुरू की 50,962 मामलों में सर्वे की प्रक्रिया

# अर्नब तूफान ने उजाड़ी फसल, 60 घंटे में 60,000 किसानों ने दी राहत के लिए अर्जी

सचिन अग्रहरि ⏭ राजनांदगांव/रायपुर

**चक्रवाती तूफान अर्नब से खरीफ फसलों को हुए नुकसान का दायरा अब सामने आने लगा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी खराब हुई फसल की जानकारी बीमा कंपनियों को दी है। 28 से 30 अक्टूबर 2026 तक प्रदेशभर में 60 हजार से अधिक किसानों ने टोल फ्री नंबर पर फसल नुकसान की सूचना दर्ज कराई है। इनमें सबसे बड़ी संख्या ऐसे मामलों की है, जिनमे नुकसान का सर्वेक्षण अभी जारी है।**

बीमा कंपनियों ने 50,962 मामलों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं राज्य शासन ने भी राज्य के राजस्व, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को तत्काल मुआवजे का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी के उपर चक्रवाती तूफान अरनब के कारण छत्तीसगढ़ में खरीफ की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। राज्य के कई जिलों में जहां दशहरे के बाद धान की कटाई शुरू हो गयी थी वहीं कई इलाकों में किसानों की खड़ी फसल खराब हो गयी है। तूफान के बाद किसान अब ⏭शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप






### कर्ज माफ करे सरकार

अर्नब तूफान से प्रभावित किसानों के खेतों का तत्काल सर्वे कराया जाए तथा नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों का संपूर्ण कृषि ऋण माफ किया जाए, ताकि किसान इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

-मोतीलाल सिन्हा
प्रदेश किसान संघ छत्तीसगढ़

### सात हजार मामले निरस्त

आंकड़ों के मुताबिक बीमा कंपनियों को 60 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर पर मिली करीब साठ हजार सूचनाओं में 7,507 मामलों को निरस्त किया गया है, जबकि 1,197 मामलों में बीमा कंपनी की ओर से कार्रवाई की जा चुकी है। 50 हजार से ज्यादा प्रकरण अभी लंबित है। इसके अलावा 88 मामलों में सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और 1,109 मामले सर्वेक्षण की प्रक्रिया में दर्ज हैं।

### सीएम ने दिए नुकसानी के सर्वे के निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को तूफान से फसल के नुकसानी का तत्काल सर्वे करने के निर्देश दे दिए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर आर.बी.सी. 6-4 के प्रावधानों एवं निर्धारित मानदंडों के अनुसार पात्र किसानों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह भी कहा गया है कि सर्वेक्षण से लेकर सहायता राशि के वितरण तक की पूरी प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।



### कबीरधाम में सबसे ज्यादा नुकसान की सूचना

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कबीरधाम में सबसे ज्यादा 23,809 किसानों ने फसल नुकसान की सूचना दी है। इसके बाद बालोद में 7,237, दुर्ग में 4,897, खैरागढ़_ छुईखदान_ गंडई में 4,223, धमतरी में 3,141 और राजनांदगांव में 3,026 किसानों ने नुकसान की जानकारी बीमा कंपनी को दी है। अन्य जिलों में भी किसानों ने फसल क्षति की सूचना दी है। सक्ती में 374, कांकेर में 879, जांजगीर-चांपा में 188, बेमेतरा में 3,671, गरियाबंद में 115 और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 354 किसानों की ओर से नुकसान की सूचना दर्ज की गई है।

### तीन बीमा कंपनियों के पास पहुंचे हजारों दावे

बीमा कंपनीवार आंकड़ों के अनुसार बजाज कंपनी के अंतर्गत आने वाले जिलों से 30,058 किसानों ने, एचडीएफसी से 17,176 और एआईसी कंपनी से 12,432 किसानों ने फसल नुकसान की सूचना दी है। इस तरह तीनों बीमा कंपनियों के पास पहुंचे मामलों की संख्या 60 हजार तक पहुंच गई है। बीमा कंपनियों के साथ साथ राज्य सरकार ने किसानों को टोल फ्री नंबर 14447 पर फसल नुकसानी की सूचना देने की अपील की है।

## ज्ञानेश के खिलाफ महाभियोग कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर शुक्रवार को होने वाला 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम बारिश के चलते स्थगित हो गया। अब यह शनिवार को होगा। कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा, महाभियोग कार्यक्रम यानी'सड़क पर संसद'में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाया जाएगा। राहुल ने यह भी बताया कि 1 नवंबर को होने वाला मार्च दोपहर 12 बजे मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से शुरू होगा और रामलीला मैदान पहुंचेगा।

यशोदा अस्पताल में चल रहा था इलाज

## अहिवारा विधायक कोर्सेवाड़ा का हैदराबाद में निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक दुर्ग निवासी राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का लंबी बीमारी के बाद हैदराबाद स्थित यशोदा अस्पताल में शुक्रवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। डोमन लाल कोर्सेवाड़ा पहली बार वर्ष 2008 में भाजपा से टिकट लेकर अहिवारा विधानसभा में अपनी जीत हासिल की थी। फिर दोबारा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार निर्मल कोसरे को 25,263 वोटों के अंतर से हराया और 96,717 वोट से जीत हासिल की थी। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 के सबसे उम्रदराज विधायकों में शामिल रहे हैं। हैदराबाद से शनिवार की सुबह 11 बजे तक शव दुर्ग पहुंचेगा। इसके ⏭शेष पेज 6 पर

बदरीनाथ से फाटा जाते वक्त हुआ हादसा

## जोशीमठ में हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी 6 की मौत



एजेंसी ⏭ देहरादून

उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ धाम से फाटा जा रहा एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चमोली पुलिस की ओर से जारी हेलिकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी 6 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा जोशीमठ के पास हाथी पहाड़ के ⏭शेष पेज 6 पर

### बारिश और घने बादलों से रेस्क्यू में मुश्किल

हादसे की सूचना वाले इलाके में लगातार बारिश हो रही है और घने बादल छाए हुए हैं। इससे दृश्यता काफी कम है। ऐसे में रेस्क्यू टीमों को हेलिकॉप्टर की लोकेशन तलाशने में परेशानी हो रही है। फिलहाल टीमें बदरीनाथ और जोशीमठ के बीच के इलाके में खोज अभियान चला रही हैं।




### क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस को बनाया निशाना

## इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी चोरी, हैकर्स ने उड़ाए 6 अरब डॉलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस पर बड़ा साइबर अटैक हुआ है। हैकर्स ने कंपनी से करीब 6.3 अरब डॉलर (लगभग 60 हजार करोड़ रुपए) की डिजिटल संपत्ति चुरा ली है। यह इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो हैकिंग है। बाइनेंस ने दूसरी क्रिप्टो कंपनियों की मदद से करीब 3 अरब डॉलर की संपत्ति को तो फ्रीज करा दी है, बाकी का क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी गई। कंपनी ⏭शेष पेज 6 पर



### मार्केट में भारी उठापटक

इस घटना के बाद क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में भारी उठापटक देखने को मिली। शुक्रवार 30 अक्टूबर को शुरुआती ट्रेडिंग में बिटकॉइन का भाव 3% से ज्यादा गिरकर $76,368 पर आ गया। दूसरी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी ईथर का दाम भी 3% से ज्यादा गिरकर दो महीने के सबसे निचले स्तर $2,178 पर आ गया।

### भारतीय भी प्रभावित हुए

बाइनेंस के 100 से ज्यादा देशों में 30 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर हैं। इनमें 2 से 2.5 करोड़ भारतीय यूजर होने का अनुमान है। हालांकि, कितने लोग इससे प्रभावित हुए हैं, इसका आंकड़ा अभी जारी नहीं किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी के लेन-देन पर रोक नहीं है, लेकिन इसे आधिकारिक मुद्रा नहीं माना जाता।



# करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी इंदौर में गिरफ्तार

**धमतरी।** शेयर मार्केट में निवेश पर ज्यादा मुनाफा का लालच देकर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस इंदौर में पकड़ने में सफल हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेशर में रह रहे विक्रम सिंह शाह दो वर्ष पहले कलेक्ट्रेट रोड में वेल्थ ट्रेकर नाम से कार्यालय संचालित करता था जो लोगों को ट्रेडिंग एप एवं शेयर मार्केट से ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर कई लोगों से मोटी रकम निवेश कराया था। उसके झांसे में धमतरी सहित अन्य जिले के लोगों ने मोटी रकम इन्वेस्ट किया था जो लगभग 20 करोड़ रूपये बताया जाता है। परेशान निवेशकों ने पुलिस को आवेदन देकर मामले की शिकायत की थी। गुरूर क्षेत्र के शिव कुमार साहू की शिकायत पर सिटी कोतवाली धमतरी में आरोपी विक्रम सिंह शाह के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच उसका लोकेशन इंदौर-एमपी में ट्रेस हुआ। पुलिस टीम इंदौर पहुंच आरोपी विक्रम सिंह शाह को पकड़कर धमतरी ले आई।

# प्रेम संबंध विवाद, युवक पर एसिड अटैक

**चांपा।** नगर के चांपा थाना क्षेत्र में प्रेम संबंध के बीच विवाद के बाद युवक पर एसिड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार साल से प्रेम संबंध में रह रही युवती ने गुस्से में आकर युवक के ऊपर कांच की बोतल में रखा एसिड फेंक दिया। घटना में युवक के हाथ और शरीर के अन्य हिस्से झुलस गए। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और एसिड से हमला किए जाने की पुष्टि भी हुई है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 04 सोनारिन घाट, चांपा निवासी संतोष सोनी सोने के जेवर बनाने का कारीगरी कार्य करता है। पीड़ित के मुताबिक, पिछले करीब चार वर्षों से उसका समाज की ही एक लड़की के साथ प्रेम संबंध था। 28 अक्टूबर की रात करीब 12:30 बजे वह अपनी प्रेमिका के घर चांपा पहुंचा था। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। पीड़ित ने पुलिस को दिए गए बयान में आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान प्रेमिका ने गुस्से में आ गई और घर में रखी कांच की बोतल से उसके ऊपर एसिड फेंक दिया। एसिड गिरने से उसके दाहिने हाथ की भुजा, कलाई और दाहिनी पसली का हिस्सा झुलस गया। वहीं, उसने जो काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी, उसका दाहिना हिस्सा भी जल गया। घटना के कुछ देर बाद पीड़ित ने विनोद सोनी और अपनी बहन अंजली सोनी को घटना की जानकारी दी।

## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/साईकोलि/नप्र/कुस/भू.रा./2026/1099 दिनांक 15.10.2026

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) concept के आधार पर 147 भू स्वामियों /आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी /आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/ पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड में) | कुल रकबा (एकड में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी /उम्मीदवार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | |
| 1 | नरेश पिता समारू | 285 | 492/10 | 0.94 | 0.94 एकड़ | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार संबंध-पुत्र | नामांकन पत्र | नरेश कुमार पिता समारू राम | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/ दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | नरेश कुमार पिता समारू राम | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.सं. 84 | नरेश पिता समारू | - | |
| | | | | | | | बी- 1 वर्ष 2008-09 | नरेश कुमार पिता समारू | - | |
| | | | | | | | पी- 2 वर्ष 2008 से 2013 | नरेश पिता समारू | - | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | नरेश राम पिता समारू | - | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | नरेश पिता समारू | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 8 वी) | | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | नरेश कुमार पिता समारू राम | प्रशांत कुमार पिता नरेश कुमार | |
| 2 | दया राम पिता बुद्धु रान | 211 | 211/6, 376/2, 501/10 | 0.86 | 0.86 एकड़ | जगेश्वर प्रसाद पिता दया राम संबंध-पुत्र | नामांकन पत्र | दया राम पिता बुध्दू राम फौत के पश्चात फुलबाई बेवा दया रान किस्त लाल, जागेश्वर प्रसाद, सरस्वती पिता | जगेश्वर प्रसाद पिता दया राम | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/ दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | दया राम पिता बुध्दू राम फौत के पश्चात फुलबाई बेवा दया रान किस्त लाल, जागेश्वर प्रसाद, सरस्वती पिता | जगेश्वर प्रसाद पिता दया राम | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.सं. 84 | दया राम पिता बुध्दू राम | - | |
| | | | | | | | बी- 1 वर्ष 2008-09 | दया राम पिता बुध्दू राम | - | |
| | | | | | | | पी- 2 वर्ष 2008 से 2013 | दया राम पिता बुध्दू राम | - | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | दया राम पिता बुध्दू राम | - | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | दया राम पिता बुध्दू राम | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 8 वी) | | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | दयाराम पिता बुध्दू राम | जगेश्वर प्रसाद पिता दयाराम | |
| 3 | दुर्गा बाई पिता जगत रान | 219 | 501/4 | 0.90 | 0.90 एकड़ | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह संबंध-पुत्र | नामांकन पत्र | दुर्गा बाई पिता जगत राम | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | दुर्गा बाई पिता जगत राम | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.सं. 90 | दुर्गा बाई पिता जगत राम | - | |
| | | | | | | | बी- 1 वर्ष 2008-09 | दुर्गा बाई पिता जगत राम | - | |
| | | | | | | | पी- 2 वर्ष 2008 से 2013 | दुर्गा बाई पिता जगत राम | - | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | दुर्गा बाई पिता जगत राम | - | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | दुर्गा बाई पिता जगत राम | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 8 वी) | | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | दुर्गा कंवर पति जगन्नाथ | दीपक नारायण पिता जगन्नाथ सिंह | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति नहाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

स्टॉफ अधिकारी (भू.रा.)
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

SECL/26-27/179

## कार्यालय प्राचार्य
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार
## जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
(Email ID- itibbzr@rediffmail.com)

### // मेहमान प्रवक्ता आमंत्रण //

शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार ( सकरी ) द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिये आईटीआई बलौदाबाजार में 01 पद- इंग्लिश लैंग्वेज एवं आईटीआई कसडोल में 01 पद- सेक्रेटेरियल स्टेनोग्राफर हिन्दी के पदों पर मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) में दिनांक **29.10.2026** से **06.11.2026** सायं **05:30** बजे तक जमा कर सकते है। आमंत्रण की विस्तृत जानकारी जिला बलौदाबाजार की वेबसाइट https://balodabazar.gov.in एवं आईटीआई बलौदाबाजार की वेबसाइट https://cgiti.cg.gov.in/iti/balodabazar का अवलोकन कर सकते है ।

**प्राचार्य / संस्था प्रमुख**
**औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार,**
**जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

G-262704312/1

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in Fax No. 07868-224040

### -: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **सड़क कार्य** हेतु दिनॉक **06.11.2026** समय **17:30** बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 159 | 202882 | लोक निर्माण विभाग कांकेर - अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच मरम्मत कार्य | 84.74 लाख |
| 02 | 160 | 202884 | लोक निर्माण विभाग पखांजूर - अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच मरम्मत कार्य । | 148.31 लाख |
| 03 | 161 | 202885 | लोक निर्माण विभाग अंतागढ़ - अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच मरम्मत कार्य । | 54.23 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्त, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।
नोटः- CONTRACTOR SUBMIT THE CERTIFICATE REGARDING MACHINERIES & PLANTS AS PER ANNEXURE-G-7(d)
(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें ।) **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि- 06.11.2026 है ।**

**नोटः- चतुर्थ आमंत्रण**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G- 262704290/2

## कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
## ब्लॉक-04 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
Website - tribal.cg.gov.in ☎ - 2263708,
E mail - ctd.cg@nic.in, yuvacarriernirman@gmail.com

क्रमांक / GENCOR/15045/2025-CGACE नवा रायपुर, अटल नगर

### // संक्षिप्त विज्ञप्ति //

CG-Assistant for Competitive Examination (CG-ACE) **योजना 2026 के "शिखर (भाग-2)" अंतर्गत राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी से संबंधित प्रशिक्षण रायपुर शहर में कराने के लिए इच्छुक संस्थाओं के इम्पैनलमेंट हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण वर्ष 2026**

CGACE योजना 2026 के "शिखर (भाग-2)" अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों को राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाम मूलक सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभाग की योजना है। रायपुर हेतु 200 सीट के लिए कोचिंग कार्य हेतु निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है।

इच्छुक कोचिंग संस्थाएं दिनांक 30.11.2026 तक बंद लिफाफे में कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर में प्रस्तुत करना होगा। योजना नियम की विस्तृत जानकारी, अन्य कार्यवाही एवं तिथियों में परिवर्तन की सूचना संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाइट के http://eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)**

G-262704309/1

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,
Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/18/26-27**
**Dated 29.10.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for –Connecting road from Ambedkar chowk on ring road to Kanke Pithoria road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges etc., complete Land Acquisition Proposal including ownership details,Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -4073(S) W.E dated 28-09-2026 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 2.00 KM |
| 3- | Work completion time | 30 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Tender Document - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. EMD :- Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 02.11.2026, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 10.11.2026, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 12.11.2026, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Place of Opening | Chief Engineer (Comm), Road Construction Department, Engineer Hostel No-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 392881
Road(26-27).D

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

## पीछे से आ रही ट्रक ने मारी ठोकर दोस्त से मिलने आए युवक की मौत

**राजनांदगांव।** शहर से लगे हुए पेंड्री इलाके के समीप नेशनल हाईवे में एक बार फिर सड़क हादसा देखने को मिला है। दो पहिया वाहन में आ रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक द्वारा पीछे से ठोकर मारे जाने के बाद ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोक्ष सोनी उम्र 22 वर्ष दुर्ग निवासी अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ पेंड्री स्थित एक ढाबा से लौट रहे थे। इस दौरान गौशाला के सामने एनएच में तेज रफ्तार से आ रही राजस्थान पासिंग की एक ट्रक ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दी। इस ठोकर के बाद दो पहिया वाहन में पीछे बैठे मोक्ष ट्रक के टायर के नीचे आ गए और घिसटने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि पुलिस ने इस मामले में ट्रक वाहन क्रमांक आरजे-07-जीसी-7618 के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 एक के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि ट्रक चालक को पकड़ने के लिए पुलिस ने पाइंट भी लगाए थे, लेकिन चालक पाइंट तक पहुंचा ही नहीं।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा (छत्तीसगढ़)
दूरभाष क्रमांक 07864–284101 (का.) फैक्स 284103 ई-मेल आईडी spsukma.cg@gmail.com

### // विज्ञापन //

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग की अधिसूचना क्रमांक ESTB-1/762/2025 HOME SECTION DTD. 31.08.2026 द्वारा अधिसूचित "छत्तीसगढ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर), फाईटर आरक्षक सेवा भर्ती ( भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2026" के अंतर्गत जिला सुकमा के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

उपरोक्तानुसार इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस व समय पर जमा कर सकते है ।

**आवेदन पत्र प्रारंभ** - **दिनॉक 02.11.2026**
**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** - **दिनॉक 12.12. 2026 के सायं 05.00 बजे तक**

**रिक्त पदों की संख्या निर्धारण :-** राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले निर्देशों के तहत सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय-समय पर स्थाई या अस्थाई तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा।

| जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या (जाति वर्गवार) | | | | योग | स्थान जहां आवेदन पत्र जमा होगा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अपिव | अजा | अजजा | | |
| सुकमा | 26 | 26 | 08 | 315 | 375 | 01. कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा 02. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय, सुकमा 03. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय, दोरनापाल 04. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय, कोण्टा 05. अनु अधिकारी (पुलिस) कार्यालय, जगरगुण्डा 06. अनु.अधिकारी (पुलिस) कार्यालय, मरईगुड़ा **पंजीकृत भारतीय डाक द्वारा-** कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, कम्पोजिट भवन, कुम्हाररास सुकमा, पिन.नं. 494111 को प्रेषित किये जायेंगे । |

(भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश पूर्णतः लागू होंगे।

आवेदन पत्र का विहित प्रारूप, शारीरिक मापदण्ड, शारीरिक योग्यता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं अन्य जानकारी जिला सुकमा के समस्त थाना / पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है ।

सम्पूर्ण भर्ती नियम एवं अन्य विवरण छत्तीसगढ़ पुलिस, सुकमा पुलिस एवं एनआईसी की ऑफिशियल वेबसाईट https://cgpolice.gov.in, www.sukma.gov.in एवं https://sukma.cgpolice.gov.in पर उपलब्ध है।

**पुलिस अधीक्षक**
**जिला सुकमा (छ.ग.)**

G- 262704321/2

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment**
**आवश्यकता**

**घरेलु स्टाफ**
**आवश्यकता है-** घरेलू स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (संस्कारवान पुरुषों/लड़कों) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। **संपर्क:** 9300593000. (आरे-116)

**अकाउंटेंट**
**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित संस्थान हेतु अनुभवी सीनियर अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे जीएसटी आयकर टीडीएस और टेलिफाइलिंग का संपूर्ण ज्ञान हो ऐसे अकाउंटेंट की शीघ्र आवश्यकता है **संपर्क करें:-** मंडल मानिक एक्वा जेनेरिक टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्राली माना रायपुर 492015 **मोबाइल नंबर:-** 9669410004, 9179700909.(आरे-101)

**पंप कर्मी**
**आवश्यकता है-** लड़कियों की आवश्यकता है। पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ **संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, रायपुर | मो.-** 8109135400, 9179380728.(आरे-145)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

**ऑपरेटर/सुपरवाइजर**
**आवश्यकता है-** होटल प्रिंस बार में आवश्यकता है 1. 02 कंप्यूटर ऑपरेटर (बिलिंग सॉफ्टवेयर चलाने वाले की) 2. 03 वेटर्स की, एवं 01 होटल मैनेजमेंट किया हुआ सुपरवाइजर, 3. कृषि कार्य की देखरेख करने के लिए मैनेजर की जो कृषि की पढ़ाई किया हो **संपर्क करें** 8518811111.(आरे-242)

**Property**
**प्रापर्टी**

**खरीदी/बिक्री**
**खरीदी बिक्री-** भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो:- 7723023077, 7000058909. (आरे-237)

**प्लाट**
**बेचना है-** बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट **सम्पर्क-** 9893958173. (आरे-42041)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**जमीन**
**जमीन बेचना है-** रायपुर रोड, धमतरी - संबलपुर में स्थित ( लगभग) 19000 वर्गफीट नेशनल हाईवे पर जमीन बेचना है। **संपर्क करे - मो. नं. 9425203208.** (आरे-0192)

**For Rent**
**किराया**

**किराये से देना है -** भवन किराए पर उपलब्ध है। ऑफिस एवं गोदाम हेतु 3000, 1500 एवं 1000 वर्गफुट जगह उपलब्ध। **पता: जी.डी. शेष निलियम बिल्डिंग, तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़। संपर्क:** 9826135333.(आरे-010)

**किराए/Rent से देना है-** हिरापुर (टाटीबंध) में मेन रिंग रोड-2 पर कमर्शियल प्रॉपर्टी शोरूम, ऑफिस, बैंक एवं मेडिकल उपयोग के लिए। ग्राउंड फ्लोर 1300 sqft + फर्स्ट फ्लोर 1450 sqft बेसमेंट पार्किंग की सुविधा Call - 9340437177. (आरे-30992)

**Finance**
**फायनेंस**

**फाइनेंस -** विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) **संपर्क:-** 9438611245. (आरे-103)

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी शुल्क उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन एजेंसी के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare




हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



V2 Value & Variety

THIS DIWALI

BUY

V2 VIP CLUB

SHOP • EARN • ENJOY

GET UPTO

11% DISCOUNT 365 DAYS

440+ STORES | 350+ CITIES | Styles 5000+

Festive Deals

₹159

UTILITY BAG

WORTH ~~₹999~~

ON PURCHASE OF ₹2499

₹189

FLASK

WORTH ~~₹999~~

ON PURCHASE OF ₹2499

₹299

LUNCH BOX

WORTH ~~₹1499~~

ON PURCHASE OF ₹3999

₹299

IRON

WORTH ~~₹1999~~

ON PURCHASE OF ₹3999

₹379

ELECTRIC KETTLE

WORTH ~~₹2499~~

ON PURCHASE OF ₹4999

₹499

SANDWICH

WORTH ~~₹2590~~

ON PURCHASE OF ₹4999

₹499

EARBUDS

WORTH ~~₹2590~~

ON PURCHASE OF ₹4999

SCAN. VISIT. SHOP. SAVE!

SCAN TO FIND YOUR NEAREST STORE

**ALSO AVAILABLE AT:** ANDHRA PRADESH | ARUNACHAL PRADESH | ASSAM | BIHAR | CHHATTISGARH | DELHI | GOA | GUJARAT | HARYANA | HIMACHAL PRADESH | JAMMU & KASHMIR | JHARKHAND KARNATAKA | MADHYA PRADESH | MAHARASHTRA | MANIPUR | MEGHALAYA | NAGALAND | ODISHA | PUNJAB | RAJASTHAN | TELANGANA | TRIPURA | UTTAR PRADESH | UTTARAKHAND | WEST BENGAL

*TERMS & CONDITIONS APPLY: OFFER VALID TILL STOCKS LAST. PRICES & OFFERS ARE SUBJECT TO CHANGE AND CAN BE WITHDRAWN WITHOUT PRIOR NOTICE. QUANTITY RESTRICTIONS APPLY. PRODUCT PICTURES ARE INDICATIVE OF THE OFFERS ONLY AND MAY NOT MATCH WITH THE ACTUAL PRODUCTS. OFFERS FOR RETAIL CUSTOMERS ONLY. OFFERS MAY VARY AS PER LOCATION. INCASE OF ANY DISPUTE V2 RESERVES THE RIGHT TO TAKE THE FINAL DECISION. ALL MAJOR CREDIT CARDS ARE ACCEPTED.

www.v2retail.com

Follow Us On

support@v2kart.com

+91 8130 907 705

## छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

**// आवश्यक सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसी से जोड़ने वाली 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बी.एन.बी तिल्दा एवं 33/11 के.वही. उपकेन्द्र कोटा के लिए नये 33 के. व्ही. फीडर लाईन का निर्माण किया गया है जो कि दिनांक 30.10.2026 को अथवा इसके उपरांत कभी भी उर्जिकृत किया जा सकता है उपरोक्त नये 33 के.व्ही फीडर लाईन ग्राम कोटा, घुलघुल, कोहका, तुलसी, बी.एन.बी. स्कुल, कोटा रोड नेवरा, कोहका रोड तिल्दा एवं नगर पालिका क्षेत्र तिल्दा से होकर गुजरती है अतः निवेदन है कि कृपया इन विद्युत लाईनों से दूर रहे एवं अपने मवेशी /घरेलू/पशुओं/जानवरों को इस विद्युत लाईन/स्टे/तार/पोल इत्यादि से दूर रखें, ताकि कोई विद्युत दुर्घटना न हो।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"
"असुविधा से बचने के लिये विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।"

असुविधा के लिए खेद है

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाइए"

डी.के.वर्मा)
कर्म. संख्या 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.)
संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-49592/3

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER MANAGEMENT DIVISION NO. 1, RAIPUR (C.G.)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

**e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**Online Tenders are invited for the following works up to 18.11.2026 at 17.30 Hours(As per S.O.R Enforced from Dated 01.08.2010 and amended on dated 23.04.2026).**

| S. No. | System No. | NIT No. and Dated | Name of work | Amt |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 202794 First Call | 15/SAC/2026-27 Raipur, Dated: 28.10.2026 | Filling of water through Pipe line from Kolhan Nalla to Bouli Tank in Block Arang, District Raipur | Rs. 120.36 Lakhs (Excluding G.S.T.) |
| 2 | 202842 First Call | 16/SAC/2026-27 Raipur, Dated: 28.10.2026 | Construction of Pump House, Intake Well and Pipe Line on Kolhan Nalla from Kotni Stopdam to Thela Tank in Block Arang, District Raipur | Rs. 175.40 Lakhs (Excluding G.S.T.) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from Date **04.11.2026**, at 17.31 Hours.(IST) onwards.

**NOTE** :- All eligible/interested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. All Prequalification Certificates issued by Water Resources Department from dated 01.11.2025 till date is valid in this tender (As per Engineer-in-Chief, W.R.D. Raipur's Letter No. 425001/TC/2016/ldwZ@vLFkk;h/7989 Raipur Dtd. 30/09/2026)

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1, Raipur For,**
**Superintending Engineer Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)**

G-26274296/3

## छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय,महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

**// सूचना //** नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक :- /10/2026

क्रमांक LAND/3461/2026-HOUSING : छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ रूपांतरण करने का अनन्तिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित रूपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

**रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में रूपांतरण प्रस्ताव**

| स. क्र. | ग्राम | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे.मे) | अंगीकृत रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23-क के तहत रूपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आमासिवनी | 218/1 | 0.809 | मिश्रित | औद्योगिक |
| 2 | आमासिवनी | 218/3 | 0.648 | मिश्रित | औद्योगिक |
| योग | | | 1.457 हे. | | |

2/ उक्त प्रस्तावित रूपांतरण रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में उद्योग विभाग के औद्योगिक प्रयोजन हेतु।3/ रूपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।4/ अतः प्रस्तावित रूपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :- (1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़। (2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर। (3) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर। (4) आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,**
**(देवेन्द्र सिंह भारद्वाज)**
**विशेष सचिव,**
**छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग**

G-262704319/1

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बीजापुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 07853.296247 (का.) फैक्स 07853.296247 ई-मेल आईडी spbijapur.cg@gov.in

**-:: विज्ञापन ::-**

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग की अधिसूचना क्रमांक ESTB-1/762/2025- HOME SECTION DTD. 31-08-2026 द्वारा अधिसूचित "**छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स), फाईटर आरक्षक सेवा भर्ती (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2026**" के अंतर्गत जिला बीजापुर के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उपरोक्तानुसार इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र **कार्यालयीन दिवस व समय** पर जमा कर सकते है

**आवेदन पत्र प्रारंभ** :- दिनांक 02.11.2026
**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** :- दिनांक 12.12.2026 के सायं 05.00 बजे तक

**रिक्त पदों की संख्या निर्धारण:-** राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले निर्देशों के तहत सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय-समय पर स्थाई या अस्थाई तौर पर वृद्धि या कमी की जा सकेगी।

| जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या (जाति वर्गवार) | | | | योग | जहाँ आवेदन पत्र जमा होगा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अपिव | अजा | अजजा | | |
| बीजापुर | 19 | 68 | 40 | 290 | 417 | 01. कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर। 02. अनु.अधिकारी (पुलिस) कार्यालय भैरमगढ़। 03. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय कुटरू 04. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय फरसेगढ़ 05. अनु. अधिकारी (पुलिस) कार्यालय भोपालपटनम। 06. अनु.अधिकारी (पुलिस) कार्यालय आवापल्ली। **पंजीकृत भारतीय डाक द्वारा** कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर,पिन नं. 494444 को प्रेषित किये जायेंगे |

(भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण), 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश पूर्णतः लागू होंगे।

आवेदन पत्र का विहित प्रारूप, शारीरिक मापदण्ड, शारीरिक योग्यता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं अन्य जानकारी जिला बीजापुर के समस्त थाना/चौकी/पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

सम्पूर्ण भर्ती नियम एवं अन्य विवरण छत्तीसगढ़ पुलिस एवं बीजापुर पुलिस की ऑफिशियल वेबसाईट **https://cgpolice.gov.in**, **https://bijapur.cgpolice.gov.in** पर उपलब्ध है।

**पुलिस अधीक्षक**
**बीजापुर**

G-262704317/1

## छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

**// सूचना //**

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक /10/2026

**क्रमांक LAND/3460/2026-HOUSING :** छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित उपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

**रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में उपांतरण प्रस्ताव**

| स. क्र. | ग्राम | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | | अंगीकृत रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23-क के तहत उपांतरण प्रस्ताव | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल रकबा | प्रभावित रकबा | | | |
| 1 | अटारी | 86 | 0.769 | 0.769 | सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक | औद्योगिक | मार्ग छोड़कर |
| 2 | अटारी | 91/1 | 7.324 | 1.76 | सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक | औद्योगिक | |
| | | | | 1.079 | वाणिज्यिक | औद्योगिक | |
| | | | | 0.279 | मिश्रित | औद्योगिक | |
| | | | | 0.353 | आमोद-प्रमोद | औद्योगिक | |
| | | | | 3.091 | यातायात एवं परिवहन | औद्योगिक | |
| योग | | | 8.093 | 7.331 | | | |

2/ रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में उक्त प्रस्तावित उपांतरण लैंड बैंक अंतर्गत सी.एस.आई.डी.सी. को आबंटित भूमि पर औद्योगिक विकास कार्य हेतु। 3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। 4/ अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियां तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-

(1) आयुक्त, दुर्ग संभाग, छत्तीसगढ़।
(2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर।
(3) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर।
(4) आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,**
**(देवेन्द्र सिंह भारद्वाज)**
**विशेष सचिव,**
**छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग.**

G-262704313/1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

# यूपी में फॉर्म-7 के गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान फॉर्म-7 के गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। प्रदेश में एक साथ कई मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 गलत तरीके जमा किए गए थे, जिसको लेकर कोर्ट ने चुनाव आयोग को जांच करने को कहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जॉयमाल्या बागची और वी मोहना की पीठ ने आयोग से कहा कि वह फॉर्म-7 में हुई गड़बड़ियों की जांच करें।

**आयोग जरूरी सुधार कदम उठाए :** कोर्ट ने निर्देश दिया कि जो गड़बड़ियां कोर्ट के ध्यान में लाई गई हैं, उन्हें चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील को एक नोट के जरिए सौंपा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि नोट मिलने पर, आयोग असल बातों की जांच करे, उसके बाद जरूरी सुधार के कदम उठाए और एक कम्प्लायंस रिपोर्ट फाइल करे। आयोग ने माना कि एक साथ कई आवेदन जमा किए गए थे। हालांकि, उसने यह भी कहा कि उन पर कार्रवाई नहीं की गई।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर मिला करोड़ों का नशीला पदार्थ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम्स अधिकारियों ने हाल ही में बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए दो यात्रियों को पकड़ा है। इनके पास से उनके बैग में 9.6 किलोग्राम से ज्यादा संदिग्ध गांजा मिला है। कस्टम्स की टीम ने यात्रियों की प्रोफाइलिंग और सामान की एक्स-रे स्कैनिंग की। इसके बाद 24 और 26 अक्टूबर को अलग-अलग यात्रियों के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें यह गांजा बरामद हुआ।

## कस्टम्स ने 3.37 करोड़ के 15 पाउच जब्त किए

कस्टम्स अधिकारियों को दोनों दिन, इन यात्रियों के ट्रॉली बैग से गांजा भरे कुल 15 पाउच मिले। जब्त किए गए इस गांजे की कीमत करीब 3.37 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारत के नशा-विरोधी कानूनों के तहत अब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राजनीतिक अस्तित्व बचाने ममता कांग्रेस के चरणों में : शुभेंदु

**बारुईपुर।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को अपनी पूर्ववर्ती ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला और उन्हें फिर से चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि राज्य में विपक्षी पार्टी अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता खो चुकी है तथा वह अपना अस्तित्व बचाने के लिए कांग्रेस व माकपा की ओर देख रही है। ममता का नाम लिए बिना शुभेंदु ने कहा कि कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री अब उसी पार्टी के ''चरणों में झुककर'' अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता तलाश रही हैं, जिसे उन्होंने कभी छोड़ दिया था। मुख्यमंत्री ने दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आपको दिल्ली चले जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में अब आपके लिए कुछ नहीं बचा है। आप कोलकाता में रहने के बजाय अब दिल्ली जा रही हैं।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला जवान अरेस्ट

**सिलीगुड़ी।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में पंजाब पुलिस, स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल ने बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के अधीन हासीमारा से एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजबीर सिंह के रूप में हुई है। वह असम का निवासी है। हासीमारा स्थित 15 जाट रेजिमेंट में कार्यरत था। पंजाब पुलिस की टीम ने उसे हासीमारा से गिरफ्तार करने के बाद सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसके ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

**:: आम सूचना ::**

**भूमि विवादित होने के संबंध में**

ग्राम कुंडेल प.ह.नं. 13 तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद भूमि के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री विजय पाण्डेय पिता स्व. भूषण प्रसाद पाण्डेय निवासी गायत्री नगर, अवंति विहार, रायपुर (छ.ग.) की सभी ऋण स्व. कुमारी बाई पति स्व. गणेश प्रसाद के द्वारा अपनी संपत्तियों के संबंध में वसीयतनामा दिनांक 28.01.2019 को लिखा गया और श्रीमती कुमारी बाई की समस्त संपत्ति मेरे पक्षकार श्री विजय पाण्डेय को वसीयत के आधार पर प्राप्त हुआ है।

परंतु ऐसे व्यक्ति जो उक्त कुमारी बाई के न तो उत्तराधिकारी है और न ही वे विधिक उत्तराधिकारी है, के द्वारा छल कपट एवं धोखा कर स्व. कुमारी बाई की संपत्तियों पर अपना नाम दर्ज करा लिये है।

ग्राम कुंडेल की संपत्ति पर भी मेरे पक्षकार से छल कपट एवं धोखा कर राजस्व अभिलेखों राजेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, रश्मी मिश्रा पिता स्व. गजानंद मिश्रा वगैरह के द्वारा फौती नामांतरण दर्ज कराया गया है। संपत्ति में फौती नामांतरण मेरे पक्षकार की जानकारी अनुसार दलाल यशवंत साहू नामक व्यक्ति द्वारा कराया जाकर संपत्ति को विक्रय कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।

जबकि समस्त संपत्तियों के संबंध में मेरे पक्षकार श्री विजय पाण्डेय के द्वारा व्यवहार न्यायालय रायपुर में व्यवहार वाद प्र.क्र. 303/2026 न्यायालय श्री विवेक केरकेट्टा के न्यायालय में लंबित है, समस्त संपत्तियां विवादित है।

परंतु नाम दर्ज होने का नाजायज फायदा उठाकर ग्राम कुंडेल प.ह.न. 13, तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद की संपत्ति को विक्रय करने हेतु अथक प्रयासरत है।

ऐसी परिस्थिति में उपरोक्त ग्राम कुंडेल की संपत्ति या उसके किसी भी भाग को खरीदने का सौदा कोई भी व्यक्ति उक्त राजेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, रानी मिश्रा पिता स्व. गजानन्द मिश्रा वगैरह से न करे और न ही प्रतिफल राशि देकर बैनामा रजिस्ट्री ही करावें अन्यथा व्यवहार न्यायालय मे लंबित व्यवहार वाद मे खरीदार को भी पक्षकार बनाया जावेगा और विक्रय पत्र पूर्णतः शून्य एवं अवैध माना जावेगा। कोई भी व्यक्ति संपत्ति खरीदने से बचे। खरीदार का पैसा डूब जावेगा उसे पर्याप्त स्वत्व, आधिपत्य भी प्राप्त नही होगा।

इसके बाद भी किसी व्यक्ति के द्वारा संपत्ति खरीदी जावेगी तो वह उसके लिये स्वयं के जिम्मेदारी एवं जवाबदारी होगा। सूचना ताकीद जाने।

दिनांक : 29.10.2026

भवदीय
ए.के.कटारिया, अधिवक्ता
लोहार चौक पुरानी बस्ती रायपुर
(छ.ग.), मो. 72258-83638

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce .eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221, 2574028 Fax No. 0771-2574222

ED/Line/Works/EE-I/TR-1171/1563 Raipur, Date:28.10.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**

Online bids are invited for following EHV work on labour contract basis as detailed hereunder:

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-1171 **RFX No.- 8100055083** | Modification of 220 KV DCDS Korba–Raigarh – Budhipadar line between location No. 258 to 262 (RL -1.5 KM) due to construction of Gurda–Robertson Railway cord on request of SEC Railway Bilaspur | 96,500/- | 5,000/- | 19.11.2026 |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site: **https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices** (OR) **https://www.cspc.co.in> ebidding > ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY

**EXEVUTIVE DIRECTOR (Line)**
**CSPTCL, RAIPUR**

**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

**Government of India**
**Ministry of Corporate Affairs**
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE )
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके - 6**
**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

**सार्वजनिक नोटिस : ROC / C-PACE/STK-2/248 (2)/2026-27/1711** **दिनांक: 21/10/2026**

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (2) कम्पनियों का नाम **छत्तीसगढ** राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC5791269 | U72900CT2023OPC014186 | एक्सलसिस्टम (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC5950571 | U55101CT2024PTC015658 | म्यूज़ होटल्स एंड हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

**इरकन तिर्की**
**उप-पंजीयक**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**

CBC 07123/11/0730/2627

**भारत सरकार** (GOVERNMENT OF INDIA)
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** (MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE)
**क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान** (REGIONAL LEPROSY TRAINING AND RESEARCH INSTITUTE)
**क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** (REGIONAL OFFICE OF HEALTH AND FAMILY WELFARE)
**लालपुर,रायपुर**/Lalpur, Raipur**-492001 (छ.ग.)**
**दूरभाष- 0771-2412792, 2411427 ईमेल** rltri.cg@gov.in, rltri.ryp@gmail.com

सत्यमेव जयते

**सन्दर्भ क्र. क्षे कु प्र अनु सं/ 2-11/2026-27/** **दिनांक 26.10.2026**

**सेवानिवृत शासकीय कर्मचारियों के संविदा नियुक्ति हेतु वाक इन इंटरव्यू** (Walk-in-Interview) /
Walk-in interview for contractual appointment of retired government employees
LDC/UDC/**सहायक के पद से सेवानिवृत्त कर्मी सलाहकार (संविदा आधार पर) के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं - 2 पद**
Retired from the post of LDC / UDC / Assistant may apply for the post of Consultant (On contract basis) - 2 Posts
**पैरा मेडिकल वर्कर नॉन मेडिकल असिस्टेंट/ नॉन मेडिकल सुपरवाइज़र हेल्थ विज़िटर के पद से सेवानिवृत्त कर्मी (जिनका कुष्ठ रोग के क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो)- 1 पद**
Retired from the post of Para Medical Worker/Non-Medical Assistant/Non-Medical Supervisor/Health Visitor (Experience of working in the field of Leprosy) -1 Post
**(इंटरव्यू की तिथि 6 नवम्बर 2026 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक)** / The interview date is November 6, 2026, from 10 AM to 5 PM

क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) में सहायक / प्रवर श्रेणी लिपिक / अवर श्रेणी लिपिक पद से सेवानिवृत हुए कर्मचारी एवं पैरा मेडिकल वर्कर / नॉन मेडिकल असिस्टेंट / नॉन मेडिकल सुपरवाइज़र हेल्थ विज़िटर के पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी (जिनका कुष्ठ रोग के क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो ) तथा केंद्र अथवा राज्य सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (भारत सरकार के अधीनस्थ ) में कार्यरत थे, उन्हें एक वर्ष की अवधि या नियमित नियुक्ति तक जो भी पहले हो, उक्त समय अवधि हेतु संविदा आधार पर कंसलटेंट (Consultant) पद पर नियुक्त किए जाने हेतु वाक इन इंटरव्यू (Walk-in-Interview) इस संस्थान में दिनांक 6 नवम्बर 2026 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के दौरान किया जावेगा । A walk-in interview will be held at the Regional Leprosy Training and Research Institute, Raipur (Chhattisgarh) on November 6, 2026, from 10 AM to 5 PM for appointing retired employees who have worked as Assistant / Upper Division Clerk / Lower Division Clerk, in the Central / State Government or Public Sector undertakings (under Government of India), as Consultants on contract basis for the period of one year or until regular appointment, whichever is earlier.

| पदनाम/ Designation | पदों कि संख्या/ No. Of posts | आवश्यक एवं वांछित कार्य अनुभव / Essential and Desired work experience | कार्यालय में संभावित कार्य का विवरण / Description of the expected work likely to be carried out in the office |
|---|---|---|---|
| कंसलटेंट (Consultant) [अवर श्रेणी लिपिक / प्रवर श्रेणी लिपिक / सहायक के पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी के लिए ] केन्द्रीय सेवा से सेवानिवृत कर्मचारी को प्राथमिकता दी जाएगी For Retired employees from the Post of Lower Division Clerk/ Upper Division Clerk/ Assistant] Preference will be given to Officials retired from Central government office | 2 पद / 2 Posts | सहायक (लेवल – 6 से 8)/ प्रवर श्रेणी लिपिक (लेवल - 4से6) / अवर श्रेणी लिपिक (लेवल 2 से 5) पद से सेवानिवृत कर्मचारी जो केंद्र / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के कार्यालय में पदस्थ रहे हो तथा उनका स्थापना अनुभाग एवं लेखा अनुभाग में कार्य करने का अनुभव हो, कंप्यूटर में अंग्रेजी एवं हिंदी में टाइपिंग कार्य में दक्ष हो, दैनिक कार्य हेतु कंप्यूटर का कार्य साधक ज्ञान हो, PFMS, भविष्य (Bhavishya) एवं GeM पोर्टल में कार्य का अनुभव / Employees retired from the posts of Assistant (Level – 6 to 8 ) / Upper Division Clerk (Level – 4 to 6) / Lower Division Clerk (Level – 2 to 5) who have worked in offices of the Central Government / Public Sector Undertakings, and have experience of working in the establishment and accounts sections, are proficient in typing work in English and Hindi on the desk-top computer, have practical knowledge of using a computer for daily routine works, and have experience working on the PFMS, Bhavishya and GeM portal. | 1. स्थापना अनुभाग से सम्बंधित दैनिक अंग्रेजी एवं हिंदी में शासकीय पत्राचार, टाइपिंग कार्य / Routine English and Hindi official correspondence and typing works related to the Establishment section<br>2. सर्विस बुक का रख-रखाव, सर्विस बुक में नियमित सेवा सम्बन्धी प्रविष्टियाँ / Maintenance of the service book, regular service-related entries in the service book<br>3. लीगल एवं कोर्ट केस सम्बंधित कार्य / Dealing with legal matters and court cases<br>4. संसदीय प्रश्नों के उत्तर का ड्राफ्ट तैयार करना / Drafting reply of Parliamentary Questions<br>5. RTI से सम्बंधित प्रश्नों के जवाब का ड्राफ्ट तैयार करना / Drafting reply of matters related to RTI.<br>6. GeM पोर्टल से सम्बंधित कार्य / Works related to GeM portal.<br>7. स्थापना अनुभाग, लेखा अनुभाग एवं डी डी ओ को दैनिक कार्य में सहयोग करना PFMS ई पोर्टल का कार्य / Working in the establishment section, accounts section, and assisting DDO in routine work, work related to the PFMS e-portal.<br>8. भविष्य पोर्टल से सम्बंधित कार्य एवं/ Work on the Bhavishya portal and<br>अन्य नियमित कार्यालयीन कार्य / Other routine office work. |
| कंसलटेंट (Consultant) पैरा मेडिकल वर्कर / नॉन मेडिकल असिस्टेंट / नॉन मेडिकल सुपरवाइज़र / हेल्थ विज़िटर के पद से सेवानिवृत्त व्यक्ति ( जिनका कुष्ठ रोग के क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो ) Retired from the post of Para Medical Worker/ Non-Medical Assistant / Non-Medical Supervisor/ Health Visitor (Experience of working in the field of Leprosy) | एक पद / 1 Post | नॉन मेडिकल सुपरवाइज़र हेल्थ विज़िटर (लेवल 4 से 6)/ पैरा मेडिकल वर्कर / नॉन मेडिकल असिस्टेंट (लेवल 3 से 5) पद से सेवानिवृत कर्मचारी जो केंद्र / राज्य / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहे हो तथा उनका कुष्ठ मरीजों से सम्बंधित कार्य करने का अनुभव / Employees retired from the posts of Non-Medical Supervisor/Health Visitor (Level-4 to 6) / Para Medical Worker/ Non-Medical Assistant (Level 3 to 5) who have worked in the Health Centre of Central Government / State Government / Public Sector Undertakings, and have experience of working in the field of Leprosy | 1. फील्ड विजिट्स/ Field visits.<br>2. NLEP रिकॉर्ड रख रखाव करना और रिपोर्ट राज्य कुष्ठ अधिकारी / जिला कुष्ठ अधिकारी को भेजना । NLEP record maintenance and further submission to State Leprosy Officer/District Leprosy Officers.<br>3. फील्ड में पैरा मेडिकल वर्कर्स एवं अन्य हेल्थ स्टाफ के प्रशिक्षण में समन्वय करना । Coordinating in Training of Para Medical Workers and other Health Staff in the field.<br>4. मरीजों के रिकॉर्ड का डेटा एंट्री

## बिजनेस साइट

# श्री शिवम में हर जनरेशन के लिए खास कलेक्शन



**रायपुर।** दिवाली पर पारंपरिक परिधानों के साथ मॉडर्न फैशन का क्रेज बढ़ रहा है। युवाओं की पसंद और हर उम्र के लोगों के फैशन ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल इंडिया के प्रमुख फैमिली फैशन स्टोर श्री शिवम ने अपने सभी स्टोर्स में विशेष फेस्टिव कलेक्शन पेश किया है। 'दिल से दिवाली, हर रिश्ते के लिए' थीम पर तैयार इस कलेक्शन में युवाओं के लिए इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स, स्टाइलिश कुर्ता सेट और ट्रेंडी एथनिक वियर उपलब्ध हैं। वहीं महिलाओं के लिए डिजाइनर साड़ियां, लहंगे और सूट, पुरुषों के लिए ट्रेडिशनल व कंटेम्परारी परिधान और बच्चों के लिए आकर्षक फेस्टिव आउटफिट्स की रेंज रखी गई है। फैमिली फोटोशूट और सेलिब्रेशन के बढ़ते चलन को देखते हुए कोऑर्डिनेटेड फैमिली आउटफिट्स के विकल्प भी शामिल किए गए हैं। दिवाली की खरीदारी को आसान बनाने के लिए शुक्रवार, शनिवार और रविवार को मिडनाइट शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। साथ ही आगामी वेडिंग सीजन के लिए भी एथनिक और सेलिब्रेशन वियर की नई रेंज पेश की गई है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, भोपाल, जबलपुर और छिंदवाड़ा सहित सभी स्टोर्स में कलेक्शन उपलब्ध है।

# पुष्य नक्षत्र पर सुमीत बाजार में मिल रहे आकर्षक ऑफर



**रायपुर।** पुष्य नक्षत्र में खरीदारी को खास बनाने के लिए सुमीत बाजार में नए कलेक्शन और आकर्षक ऑफर्स की शुरुआत की गई है। यहां ग्राहकों को 2 हजार रुपए की निश्चित खरीदारी पर उपहार दिया जा रहा है। साथ ही संपूर्ण पारिवारिक खरीदारी पर बिल वैल्यू के अनुसार आकर्षक गिफ्ट भी मिल रहे हैं।

बाजार में त्योहारों को देखते हुए कपड़ों की नई वैरायटी और लेटेस्ट फैशन कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है। सुमीत बाजार में महिलाओं के लिए साड़ियां और कुर्तियां, मेंस वियर, टीन्स वियर और किड्स वियर की विस्तृत रेंज मौजूद है। इसके अलावा होम फर्निशिंग, हैंडलूम आइटम, गृह उपयोगी वस्तुएं और सजावटी सामान भी उपलब्ध हैं। यहां कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और बल्क गिफ्टिंग की सुविधा भी दी जा रही है। प्रबंधन के अनुसार, 40 वर्षों के भरोसे के साथ ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, ट्रेंडिंग फैशन और लेटेस्ट कलेक्शन किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराना संस्थान का उद्देश्य है। फेस्टिव सीजन में ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रबंधन ने ग्राहकों से दिवाली तक इंतजार न करते हुए जल्द खरीदारी करने की अपील की है।

# बलदेव फर्नीचर में त्योहारी सीजन भारी छूट, 50% तक छूट का ऑफर



**रायपुर।** इस त्योहारी सीजन पर अगर आप अपने घर या ऑफिस को एक नया लुक देना चाहते हैं, तो बलदेव फर्नीचर आपके लिए लेकर आया है सुनहरा मौका। गुरुनानक चौक स्थित बलदेव फर्नीचर शोरूम में दीपावली और अन्य पर्वों के अवसर पर ग्राहकों को 30% से 50% तक की भारी छूट दी जा रही है। संस्था के संचालक लखविंदर सिंह ने बताया कि बलदेव फर्नीचर में एक ही छत के नीचे सभी ब्रांडेड कंपनियों जैसे नीलकमल, इटालिका, ईजी, पूजा, अरोमा आदि के उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके साथ ही लग्जरी फर्नीचर की विस्तृत रेंज में बेडरूम सेट, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, ऑफिसर्स टेबल, वेटिंग चेयर, मोल्डेड फर्नीचर, नीलकमल गद्दे, गोदरेज के फर्नीचर व सेफ, और आउटडोर फर्नीचर भी शामिल हैं। लखविंदर सिंह ने बताया कि बलदेव फर्नीचर पिछले 46 वर्षों से ग्राहकों का भरोसा जीतता आ रहा है। उन्होंने कहा कि सेल के बाद भी बेहतरीन सर्विस देना ही हमारी पहचान है। अभी हमने कुछ चुनिंदा प्रोडक्ट पर 30 से 50 प्रतिशत तक विशेष छूट रखी है।

## शुभम के मार्ट के फेस्टिव ऑफर का आज अंतिम दिन

**रायपुर।** दिवाली के त्योहार पर ग्राहकों को खरीदारी में अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से शुभम के मार्ट ने 'जितना खरीदो, उतना मुफ्त पाओ' फेस्टिव ऑफर शुरू किया है। 16 से 31 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस ऑफर के तहत ग्राहकों को लकी ड्रॉ के जरिए अपनी पिछली खरीदारी के बिल के बराबर मुफ्त शॉपिंग करने का मौका मिलेगा। मार्ट प्रबंधन के अनुसार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में संचालित 50 स्टोर्स में यह ऑफर लागू है।

प्रत्येक स्टोर में रोजाना शाम 5 बजे लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें पांच विजेताओं का चयन होगा। विजेताओं को उनकी पिछली खरीदारी के बिल की राशि के बराबर मुफ्त खरीदारी का अवसर मिलेगा। अब तक 3500 ग्राहक इस ऑफर का लाभ ले चुके है। त्योहारी खरीदारी को किफायती बनाने के लिए भारतीय मिठाइयों और नमकीन के चुनिंदा वेरिएंट पर बाय वन गेट वन ऑफर दिया जा रहा है। हल्दीराम, बिकाजी, नाकोड़ा और शुभ जैसे ब्रांड्स के उत्पादों के साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के विकल्प भी उपलब्ध हैं। वहीं, जनरल मर्चेंडाइज के गिफ्टिंग आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। मार्ट में किराना, डेली नीड्स, फैशन और जनरल मर्चेंडाइज की विस्तृत रेंज उपलब्ध है।

## हीरो मोटोकॉर्प के फेस्टिव ऑफर में 10 हजार रुपए तक की बचत



**रायपुर।** रवि और सोम पुष्य नक्षत्र (1 और 2 नवंबर) पर दोपहिया वाहन खरीदने की तैयारी कर रहे ग्राहकों को लुभाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विशेष ऑफर पेश किए हैं। कंपनी ग्राहकों को 10 हजार रुपए तक के त्योहारी लाभ, कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस की सुविधा देकर बिक्री बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। कंपनी की योजना ग्रामीण और अर्धशहरी बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करने की है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, जबलपुर, उज्जैन, बिलासपुर और बस्तर जैसे बाजारों में इन मॉडलों की मांग पर कंपनी का फोकस है। वहीं, इंदौर और रायपुर में एक्सट्रीम 125आर के जरिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने की तैयारी है। इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में वीडा ईवी की मौजूदगी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। त्योहारी ऑफर के तहत करीब 6 हजार रुपए तक की सीधी छूट और पात्र राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष कॉरपोरेट लाभ मिल सकते हैं। कुछ फाइनेंस योजनाओं में 1,999 रुपए से डाउन पेमेंट शुरू होने का दावा है।




# रायपुर में संजीवनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का हुआ भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका में शुक्रवार को संजीवनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ हुआ। अस्पताल का उद्घाटन संस्थापक एवं डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन की माता श्रीमती जुबैदा मेमन के करकमलों से संपन्न हुआ। इस नई शुरुआत के साथ रायपुर में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं और सुपर स्पेशियलिटी उपचार के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

अब मरीजों को जटिल से जटिल बीमारियों के उपचार के लिए महानगरों या दूसरे राज्यों की ओर रुख करने की आवश्यकता कम होगी। संजीवनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्देश्य रायपुर में ही विश्वस्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को अपने शहर में ही बेहतर और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। अस्पताल के डायरेक्टर एवं प्रख्यात सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूसुफ मेमन ने कहा कि प्रत्येक मरीज को अपने शहर में आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाएं और विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार है। इसी सोच के साथ संजीवनी समूह लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहा है, ताकि रायपुर को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

### कैंसर उपचार में अत्याधुनिक तकनीक

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के सटीक एवं सुरक्षित उपचार के लिए अस्पताल में अनुभवी विशेषज्ञों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों का समन्वय किया गया है। सीनियर कैंसर सर्जन डॉ. अर्पण चतुरमोहता के नेतृत्व में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की आधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं।

# रिलायंस के लाभ में 41 फीसदी का बड़ा उछाल

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 40.6 प्रतिशत बढ़कर 25,548 करोड़ रुपये रहा। रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार और डिजिटल कारोबार में वृद्धि से कंपनी के मुनाफे को समर्थन मिला, जबकि खुदरा कारोबार का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 18,165 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वहीं, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 20,946 करोड़ रुपये रहा था।

### प्रति शेयर आय बढ़ी

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 3.38 लाख करोड़ रुपये हो गई। प्रति शेयर आय भी पिछले साल की समान तिमाही के 13.42 रुपये से बढ़कर 18.88 रुपये हो गई। जियो प्लेटफॉर्म्स का लाभ 13.7 प्रतिशत बढ़ा : जियो प्लेटफॉर्म्स का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13.7 प्रतिशत बढ़कर 8,389 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 11.4 प्रतिशत बढ़कर 40,475 करोड़ रुपये हो गई।

# भारत में अब विदेश से आएगा आटा, तेल, सोयाबीन और मक्का



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कारोबारी साल 2026-27 में भारत खाने-पीने की तमाम चीजों के साथ-साथ पशु चारे और कृषि क्षेत्र से जुड़े कच्चे माल का आयात बढ़ा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार दरअसल, इस साल सूखे के संकट के बीच फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे घरेलू स्तर पर आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सोयाबीन और मूंगफली खरीफ सीजन की प्रमुख फसलें हैं। कमजोर मानसून से इन्हें नुकसान पहुंचने से देश के भीतर खाद्य तेलों और पशु-आहार की भारी किल्लत हो गई है। ऐसे में आने वाले समय में खाद्य तेल का आयात बढ़ सकता है। अब चूंकि मक्का और सोयाबीन मील जैसे पशु चारे के दाम बढ़े हैं, तो इसका बुरा असर डेयरी और पोल्ट्री उद्योग पर पड़ा है। इससे आम उपभोक्ताओं के लिए अंडे, दूध और चिकन की कीमतें बढ़ गई हैं।

# देशभर में एक नवंबर से शुरू होगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- देश के 2000 शहरों और जिलों में शुरू किया जाएगा डीएलसी
- पेंशन जारी रखने पेंशनभोगियों को देना होता है डीएलसी

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में एक नवंबर से 2,000 शहरों और जिलों में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान शुरू किया जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान है।

पेंशन जारी रखने के लिए पेंशनभोगियों को हर साल जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है। डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के जरिये यह प्रक्रिया 'जीवन प्रमाण' नामक बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल सेवा से पूरी की जा सकती है।

कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग एक नवंबर से से पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू करेगा, जो 30 नवंबर, 2026 को समाप्त होगा। यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान होगा। सरकार ने कहा कि इस अभियान के लिए पेंशन वितरित करने वाले बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, रक्षा महालेखा नियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग, रेलवे, ईपीएफओ, राज्य सरकारों, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समन्वय किया जाएगा।

## जैकेट के शेष

### शराब, कोल, मेडिकल ....

**नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पर दबिश :** डीएमएफ घोटाले में एसीबी, ईओडब्लू की टीम कोरबा, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राजा जायसवाल और नगर सैनिक दिलीप केंवट के ठिकानों पर पड़ताल की। जांच एजेंसी जितने ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने पहुंची है, वहां दस्तावेज तथा घोटाले से जुड़े साक्ष्य एकत्रित करने का काम कर रही है। शाम तक कार्रवाई जारी रही।

### जिनके यहां रेड ....

लेवी तथा गोबरा नवापारा में विमल, राजा पारख तथा रायपुर में सुदर्शन शर्मा के आवास में किन घोटालों से जुड़े प्रकरण में छापे की कार्रवाई की गई है, इसकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है।

### यह देश भक्तों ....

रही है, जिसका भाजपा हर स्तर पर विरोध करेगी। इस आमसभा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए। आमसभा के बाद मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ने पदयात्रा की। शहर के महेश कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में आमसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। भारत प्रजातंत्र की जननी और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की चुनावी प्रक्रिया की पूरी दुनिया में सराहना होती है, लेकिन कांग्रेस चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतंत्र की छवि खराब करने में लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जब चुनाव जीतते हैं तो उन्हें चुनावी प्रक्रिया पर कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन हारने पर ईवीएम और चुनाव व्यवस्था को दोष देने लगते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस की यह राजनीति जनता को समझने की जरूरत है। नड्डा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कहा कि देश में अब तक 12 बार एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है, जिनमें से 10 बार कांग्रेस के शासनकाल में और दो बार भाजपा के शासनकाल में यह प्रक्रिया पूरी की गई। वर्तमान में भी यह प्रक्रिया जारी है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से करीब 13 करोड़ नाम हटाए गए हैं। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विष्णु सरकार ने प्रदेश की जनता का दिल जीता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, मंत्री केदार कश्यप, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### जनता मन बना ....

इस वजह से पूरी देश में हार का सामान कांग्रेस को करना पड़ रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का जो षड्यंत्र कांग्रेस के नेता कर रहे हैं, उसे देश की जनता समझ चुकी है। देश के लोकतंत्र को तोड़ने का काम कांग्रेस ने किया है।

## पेज एक के शेष

### अर्नब तूफान ने उजाड़ी फसल...

बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति और राज्य शासन से मुआवजे की आस लगाए हुए है।

**सर्वे पर टिकी किसानों की उम्मीद :** फसल नुकसान की सूचना देने के बाद अब किसानों की नजर बीमा कंपनियों के सर्वेक्षण पर है। 50 हजार से ज्यादा मामलों में सर्वे प्रक्रिया जारी होने के कारण आने वाले दिनों में फसल क्षति का वास्तविक आकलन सामने आने की उम्मीद है। सर्वे के आधार पर नुकसान का निर्धारण होने के बाद ही पात्र किसानों को बीमा दावे का लाभ मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**15 दिन में क्षतिपूर्ति देने का दावा :** बीमा कंपनियों का कहना है कि किसानों को 15 दिन के भीतर क्षतिपूर्ति राशि उनके खातों में जमा करने की बात कहीं है। कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाईन नंबर पर नुकसानी की सूचना देने के 48 घंटे के भीतर कंपनी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति, दस दिन के भीतर खेत में नुकसान का सर्वे पूर्ण करना और 15 दिन के भीतर दावा राशि का भुगतान करने की घोषणा की गई है।

### अहिवारा विधायक कोर्सेवाड़ा ...

बाद अंतिम संस्कार के लिए पैतृक निवास ग्राम भेंडरा गुंडरदेही ले जाया जाएगा। डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने पं. रविशंकर शुक्ला वि. वि. रायपुर से एमए और बीएड की पढ़ाई की थी। वे शिक्षक भी रहे। उन्होंने सांसद स्व. ताराचंद साहू के निज सहायक के रूप में 13 साल तक काम किया। उनके निधन पर मंत्री गजेन्द्र यादव, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, विधायक देवेंद्र यादव, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन आदि ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।

### जोशीमठ में हेलिकॉप्टर क्रैश...

पीछे चायी गांव के इलाके में हुआ। हेलिकॉप्टर ट्रांस भारत कंपनी का बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर की लोकेशन अचानक गायब होने के बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थीं। तलाशी अभियान में दो अन्य हेलिकॉप्टर भी लगाए गए थे, लेकिन खराब मौसम के चलते दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर की सही लोकेशन का पता लगाने में मुश्किल आ रही थी। अब चमोली पुलिस ने हेलिकॉप्टर में सवार सभी छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। यूसीएडीए की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में पायलट कैप्टन हिमांशु समेत कुल छह लोग सवार थे। पैसेंजर मैनिफेस्ट में पांच यात्रियों के नाम प्रताप, अरुण, शंकर गौड़ा, सुधीर के और एचएस नटराज दर्ज हैं।

### इतिहास की सबसे बड़ी ...

ने यह भी भरोसा दिया है कि वह खुद नुकसान की भरपाई करेगी। क्रिप्टो बाजार का विश्लेषण करने वाली कंपनियों के मुताबिक, इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया के हैकर समूह 'ट्रेड टेरर' का हाथ है। हैकरों ने करीब 20 मिनट के भीतर ज्यादातर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी। बाइनेंस ने गुरुवार को बताया कि ऐसी संभावना है कि कंपनी के एक इंजीनियर के लैपटॉप को हैक किया गया हो। इसके जरिए बिना अनुमति के डिजिटल संपत्तियां निकाल ली गईं। हालांकि, कंपनी अभी इस घटना की पूरी जांच कर रही है।

बाइनेंस ने कस्टमर्स को उनके पैसे सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया है। बाइनेंस की ओर से 30 अक्टूबर को जारी सुरक्षा घटना से जुड़े अपडेट में कहा गया कि ग्राहकों का पैसा सुरक्षित है। वह अपने सिक्योर एसेट फंड फॉर यूज़र्स (एसएएफयू) और कंपनी फंड का इस्तेमाल करके सभी नुकसान कवर करेगा। हमने प्रभावित संपत्तियों को फ्रीज करने के लिए ब्लॉकचेन से जुड़े साझेदारों के साथ काम किया है। अब तक करीब 3 अरब डॉलर (करीब 28,500 करोड़ रुपए) की संपत्ति ब्लॉकचेन पर फ्रीज की जा चुकी है।'

### पंजाब में 11 पिस्तौल, ढाई किलो हेरोइन सहित आठ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने वाले तीन अलग-अलग गिरोहों का भंडाफोड़ कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 11 पिस्तौल व ढाई किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बरामद किए गए हथियारों में नौ एमएम की तीन ग्लॉक पिस्तौल, .30 बोर की दो स्टार पिस्तौल, .30 बोर एक बेरेटा पिस्तौल, .30 बोर एक पीएक्स-5 पिस्तौल, .30 बोर की तीन अन्य पिस्तौल और .32 बोर की एक देसी पिस्तौल शामिल हैं। इसके अलावा चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

### देश में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी जनगणना

**नई दिल्ली।** भारत में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच जनगणना कराई जाएगी। हालांकि हिमपात प्रभावित और चुनावी क्षेत्रों में इस अवधि के दौरान यह प्रक्रिया नहीं की जाएगी। भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर (अगली घोषणा तक), गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, लद्दाख, तथा हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के हिमपात प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर शेष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 25 जनवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक जनगणना का कार्य किया जाएगा।

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/वाचक/अति तह रायपुर / 2026 रायपुर दिनांक 01/10/2026

ग्राम भनपुरी प.ह.नं. 39 तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्रमांक-1, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी जिला रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक / 296238 / 2026 / भ नि अ प्र / जोन कं -1 / न.पा.नि / 2026-27 रायपुर, दिनांक 29.07.2026 के द्वारा ग्राम भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 413 रकबा 1.51 हे. भूमि उच्चस्तरीय जलागार निर्मित है, जो कि वर्तमान में निगम आधिपत्य में है एवं जलागार का संचालन तथा संधारण जोन क्रमांक 01, नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा किया जा रहा है। अतः उक्त भूमि को आबंटन करने के संबंध में जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में विभागीय अभिमत आज दिनांक तक अप्राप्त है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 12/10/2026 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/11/2026 को इस न्यायालय में पेश करे। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 01/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**भण्डार विभाग**

ई–टेंडर नोटिस नं. एन आई टी/14/26/47, तिथि: 27–अक्टूबर–2026

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03262931A | बोगी बोलस्टर अरेंजमेंट | 13.11.2026 | 66 नग |
| 2. | 05261303 | बैंडपास मोड्यूल | 16.11.2026 | 75 नग |
| 3. | 03263244A | रियर कॉगर फॉर एक्सल बॉक्स | 18.11.2026 | 3369 नग |
| 4. | 03261472A | एएआर अप्रूव्ड अपग्रेडेड कार्टरिज टेपर रॉलर बेयरिंग क्लास ई (6"x11") कम्पलीट | 19.11.2026 | 4000 नग |
| 5. | 01261441C | अरेंजमेंट ऑफ हाई टेन्साईल ट्रांजिशन सीबी कपलर | 18.11.2026 | 107 नग |
| 6. | 06265150 | सप्लाई, ईंस्टॉलेशन एण्ड कमिसनिंग ऑफ ईओटी 65 टन क्रेन एज पर स्पेसिफिकेशन नं. स्टोर्स/आईआर/ईओटीसी/2021, रिवि–2. | 11.11.2026 | 2 नग |

टेंडर बंद/खुलने की समय : At 10:30 बजे।

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है। शुद्धिपत्र और ई–खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in. पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक–III, कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

रीपीआर/10/475 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

## नौसेना में शामिल होने को तैयार

# राफेल लड़ाकू विमान पहली बार आईएनएस विक्रांत पर उतरा



**नई दिल्ली।** राफेल मरीन लड़ाकू विमान शुक्रवार को पहली बार आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक उतरा। इसकी वीडियो भारतीय नौसेना ने जारी की है। नौसेना ने एक्स पर लिखा, 'राफेल मरीन विमान ने भारतीय नौसेना के स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अपनी पहली ही कोशिश में सफलतापूर्वक लैंडिंग की। परीक्षण नौसेना में विमान को परिचालन में लाने की दिशा में पहला कदम हैं।' इससे पहले, राफेल ने गोवा में आईएनएस हंसा पर मौजूद शोर-बेस्ड टेस्ट फैसिलिटी पर परीक्षण किया था।

**आईएनएस विक्रांत के लिए अनुकूल है राफेल :** फ्रांस का चार्ल्स डी-गॉल कैटापुल्ट विमानवाहक पोत असिस्टेड टेक-ऑफ सिस्टम का इस्तेमाल करता है, वहीं आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य शॉर्ट टेक-ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी सिस्टम उपयोग करते हैं। यानी एयरक्राफ्ट कैरियर से कैटापुल्ट-असिस्टेड लॉन्चिंग के लिए डिज़ाइन किया गया राफेल मरीन को साबित करना होगा कि वह भारत के स्की-जंप कैरियर की रुकावटों के तहत सुरक्षित ऑपरेट कर सकता है।

### भारत ने 63,000 करोड़ में किया था सौदा

भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए भारत सरकार ने 28 अप्रैल, 2025 को फ्रांस के साथ लगभग 63,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। इस सौदे में 22 एकल-सीट और चार डबल-सीट वेरिएंट के साथ-साथ हथियार, सिमुलेटर, ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। ये एयरक्राफ्ट आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य से ऑपरेट होंगे, जिससे नौसेना की कैरियर-बेस्ड कॉम्बैट एविएशन कैपेबिलिटीज को मजबूती मिलेगी।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक /1182/ न.पा.प./ लो.नि.वि. / ई-टेण्डर / 2026-27 कवर्धा, दिनांक 27.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय ( रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | **SYSTEM TENDER NO. 199972** Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Revbandh Talab, Kawardha, Chhattisgarh under AMRUT 2.0. | 380.59 | 19.11.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कवर्धा

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरदायी कम्पनी)

कार्यालयः कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग, जगदलपुर

क्र / का.यं. / शहर / सामा / 1371 जगदलपुर, दिनांक : 30/10/2026

**// बिजली बन्द की सूचना //**

जगदलपुर शहर के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (शहर) संभाग, छ.रा.वि.वित.कं.मर्या., जगदलपुर के अंतर्गत निम्नांकित फीडरों/ विद्युत एवं 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन लाईनों का दीपावली पूर्व रखरखाव/संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में **प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक** विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर/उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31.10.2026 | शनिवार | 11 के.व्ही वर्गीस फीडर | धरमपुरा 1, 2, 3, एम. जी. एम. स्कूल रोड, पुराना हाउसिंग बोर्ड कालोनी, वर्गीस कालोनी फेस 1, 2, एम. पी. एम. हास्पीटल रोड, । |
| 2 | 02.11.2026 | सोमवार | 11 के.व्ही कांगोली फीडर | अशोका लाइफ स्टाईल कालोनी शाइनी इंडस्टीज, डोगरी पारा, माडिंया पारा, केशर लाईन, नहर मुंडा कंगोली, 5वीं बटालियन खपरा भट्टी, महाराणा प्रताप वार्ड, एस. एस. कोल्ड, खत्री मसाला । |
| 3 | 03.11.2026 | मंगलवार | 11 के.व्ही हाउसिंग बोर्ड फीडर | नया हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हाउसिंग 2 कालोनी। |
| 4 | 04.11.2026 | बुधवार | 11 के.व्ही दलपत सागर फीडर | इंजीनियरिंग कालेज कालोनी , बस्तर युनिवर्सिटी , नवोदय विद्यालय, महिला पालीटेक्निक कालेज कालोनी, कालीपुर अटल आवास , माता मंदिर के पास का क्षेत्र, सोयाबडी के पास का क्षेत्र धरमपुरा। |
| 5 | 10.11.2026 | मंगलवार | 11 के.व्ही ग्रीन सिटी फीडर | सिंधी कालोनी, कोतवार पारा, तेतरकुटी पारा, वर्गीस कालोनी, बालाजी हास्पीटल, अर्शिया, स्काई, अविनाश वुड, ग्रीन सिटी कालोनी, गोड़वाना भवन एरिया, श्वेता कालोनी। |
| 6 | 12.11.2026 | गुरूवार | 11 के.व्ही अघनपुर फीडर | साई बाबा लेआउट कॉलोनी, बृजराज नगर, सॉई कालोनी, साई कालोनी अटल आवास, क्राईस्ट कालेज के आसपास के क्षेत्र। |
| 7 | 13.11.2026 | शुक्रवार | 11 के.व्ही अघनपुर 1 फीडर | धरमपुरा 1,2,3, पीजी कॉलेज चौक क्षेत्र, ट्रांजिस्ट हास्टल ग्यानगुड़ी, विकास नगर, महावीर नगर कालोनी, अशोका पार्क कालोनी, कैलाश होटल के पास का क्षेत्र ग्रामीण बैंक के पास का क्षेत्र आश्रम रोड हनुमान मंदिर के पास का क्षेत्र डॉक्टर सोनी गली के आसपास के क्षेत्र, नवोदय के सामने क्षेत्र। |
| 8 | 14.11.2026 | शनिवार | 11 के.व्ही अनुपमा चौक फीडर | रामा रेसिडेंसी कालोनी, नया हाउसिंग बोर्ड चौक एरिया, डा. मनीष काले क्लीनिक एरिया, नमन हाईट, महावीर रेसीडेंसी, चित्रकुट रोड, अनुपमा चौक एरिया, हिकमी पारा एरिया संजय मार्केट एरिया, अग्रसेन चौक एरिया, मोतीतालाब पारा। |
| 9 | 16.11.2026 | सोमवार | 11 के.व्ही बस्तर फीडर | 132 के.व्ही. सी.एस.ई.बी. कालोनी तेतरखुटी पारा, अघनपुर, बैदारपारा, पटेलपारा, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, खाल्हेपारा, पुजारी पारा, कोटवार पारा, शांति सलाम घर पास का क्षेत्र। |
| 10 | 17.11.2026 | मंगलवार | 11 के.व्ही इंडस्ट्रीयल फीडर | गीदम रोड, माड़िया पारा, आर्शीवाद कालोनी, कोसा सेंटर गीदम रोड, परपा नाका पारा, बी. आर. कोल्ड स्टोरेज के पास का एरिया, अशोका कोल्ड स्टोरेज, आर के कोल्ड स्टोरेज, परपा थाना, परपा पुलिस लाईन। |
| 11 | 18.11.2026 | बुधवार | 11 के.व्ही अघनपुर 1 फीडर | धरमपुरा 1, 2, 3, पीजी कॉलेज चौक क्षेत्र, ट्रांजिस्ट हास्टल ग्यानगुड़ी, विकास नगर, महावीर नगर कालोनी अशोका पार्क कालोनी, कैलाश होटल के पास का क्षेत्र ग्रामीण ब्रैक के पास का क्षेत्र आश्रम रोड हनुमान मंदिर के पास का क्षेत्र डॉक्टर सोनी गली के आसपास के क्षेत्र, नवोदय के सामने क्षेत्र। |
| 12 | 21.11.2026 | शनिवार | 11 के.व्ही टाउन 2 फीडर | गीदम रोड, बहादुरगुडा, राजेन्द्र नगर वार्ड, गंगा मुंडा क्षेत्र, कृष्णा पेट्रोल पंप चौक क्षेत्र, नयापारा, बैलाबाजार, दंतेश्वरी वार्ड, राउतपारा, केवटपारा, अनुपमा चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, गांधी नगर वार्ड, नया बस स्टैण्ड रोड, शीतला होटल के पीछे क्षेत्र, अग्रसेन चौक। |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"

"असुविधा के लिये खेद है"

कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., जगदलपुर

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग, डोंगरगांव

कं.-/5447-00/सामा /1235 **आवश्यक सूचना** डोंगरगांव, दिनांक :- 30/10/2026

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत संधारित 33 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले विभिन्न 11 के.व्ही. लाईनों में दीपावली पूर्व मेन्टनेन्स कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित प्रभावित क्षेत्र में प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| क्रं. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.11.2026 | रविवार | 11 केव्ही खुर्सीपार फीडर | 11 केव्ही खुर्सीपार फीडर से निकलने वाली खुर्सीपार, नादिया, परना फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 2 | 01.11.2026 | रविवार | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर | 11 केव्ही रामतराई पंप फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 3 | 02.11.2026 | सोमवार | 11 केव्ही सेवतापारा फीडर | 11 केव्ही सेवतापारा फीडर से निकलने वाली सेवतापारा, किल्लापारा, कॉलेज रोड, मेनरोड डोंगरगांव, माथलडबरी, कोहका फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 4 | 02.11.2026 | सोमवार | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर | 11 केव्ही रामतराई बस्ती फीडर से निकलने वाली रामतराई, कुहीकला, कुहीखुर्द फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 5 | 03.11.2026 | मंगलवार | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर | 11 केव्ही बुचाटोला पंप फीडर से निकलने वाली बुचाटोला, मासूल, ऐटमेटा फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 6 | 04.11.2026 | बुधवार | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर | 11 केव्ही बी.टी.आई फीडर से निकलने वाली बी.टी.आई, पुराना थाना, फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 7 | 04.11.2026 | बुधवार | 11 केव्ही घोटिया पंप फीडर | 11 केव्ही घोटिया पंप फीडर से निकलने वाली छुरियाडोंगरी, केशोखैरी, टिपानगढ़, टेकेहर्रा, घोटिया फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |
| 8 | 05.11.2026 | गुरुवार | 11 केव्ही हाटबंजारी पंप फीडर | 11 केव्ही हाटबंजारी फीडर से निकलने वाली हाटबंजारी, आटरा, भकुर्रा, कल्लू बंजारी, दामाबंजारी, दुर्रेबंजारी फीडर से संबद्ध समस्त ग्राम। |

टीप :- आवश्यकतानुसार समय घटाई व बढ़ाई जा सकती हैं।

"सौर ऊर्जा लगाये बिजली बिल से मुक्ति पाये"

कार्यपालन अभियंता (संचा / संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लि. डोंगरगांव

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6394



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -6393 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6404

कठिन



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6403 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# आशीष की हैट्रिक से संस्कारधानी स्ट्राइकर्स की सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार, मैनपाट टाइटन्स को मिली पहली हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में शुक्रवार को खेले गए 14वें मुकाबले में संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनपाट टाइटन्स को 4-0 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ स्ट्राइकर्स ने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। वहीं, पांच मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज करने वाली मैनपाट टाइटन्स को टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। संस्कारधानी स्ट्राइकर्स की जीत के हीरो आशीष तानी पूर्ति रहे। उन्होंने शानदार हैट्रिक लगाकर टीम को बड़ी जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में उनके कुल गोलों की संख्या 12 हो गई है। टीम का गोल अंतर भी बढ़कर प्लस 2 हो गया है। मुकाबले को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पर्यटन अधिकारी संतोष रैदास और सारडा के हेड एचआर विवेक चौधरी ने देखा।

■ 4-0 से दर्ज की जीत, बैलाडीला बुल्स के मुकाबले के नतीजे पर टिकी स्ट्राइकर्स की आगे की राह



### दूसरे क्वार्टर में खुला गोल का खाता

मैनपाट टाइटन्स की मजबूत डिफेंस के सामने संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने शुरुआत में संभलकर खेला। टाइटन्स ने मैच से पहले तक पूरे टूर्नामेंट में केवल सात गोल खाए थे। ऐसे में पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं और स्कोर 0-0 रहा। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में आशीष तानी पूर्ति ने शानदार ड्रैग फ्लिक के जरिए गोल कर स्ट्राइकर्स को बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में उन्होंने एक बार फिर इसी अंदाज में गोल किया। इसके बाद आशीष ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की। मैच के अंतिम क्षणों में शाहरुख के पास पर ओम कुमार यादव ने फील्ड गोल दागकर टीम की जीत 4-0 कर दी।

### सेमीफाइनल के लिए दूसरे मैच के नतीजे का इंतजार

इस जीत के बावजूद संस्कारधानी स्ट्राइकर्स की सेमीफाइनल में जगह अभी तय नहीं हुई है। टीम को अब बैलाडीला बुल्स और चक्रधर चैंपियंस के मुकाबले के नतीजे का इंतजार करना होगा। स्ट्राइकर्स की उम्मीदें तभी कायम रहेंगी, जब बैलाडीला बुल्स यह मुकाबला हार जाए या जीतने पर उसका अंतर चार गोल से कम रहे। दूसरी ओर, हार के बावजूद मैनपाट टाइटन्स की सेमीफाइनल में जगह पहले ही पक्की हो चुकी है। टीम अब फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान पर उतरेगी।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं मनीषा

एजेंसी ▶▶| अस्ताना



मनीषा भानवाला ने विश्व चैंपियनशिप के महिला 59 किग्रा वर्ग के फाइनल में अमेरिका की अबीगैल नेट्टे को 8-6 से हराकर भारतीय कुश्ती में महिला विश्व चैंपियन का इंतजार खत्म कर दिया।

वह मुकाबले में एक समय छह अंक से पिछड़ रही थीं, लेकिन शानदार वापसी करते हुए उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया। मनीषा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं। उन्नतीस वर्षीय मनीषा की इस जीत के साथ भारतीय कुश्ती का विश्व चैंपियन बनने का लंबा इंतजार खत्म हो गया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय महिला टीम के लिए भी विश्व चैंपियनशिप के इस संस्करण को ऐतिहासिक बना दिया। पहली बार एक ही विश्व चैंपियनशिप में भारत की तीन महिला पहलवानों ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाई। नीलम सिरोही (50 किग्रा) और काजल धोचक (76 किग्रा) को गुरुवार को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। हालांकि, मनीषा ने स्वर्ण पदक जीतकर यह सुनिश्चित किया कि भारतीय टीम इस प्रतियोगिता से बिना किसी स्वर्ण के नहीं लौटेगी।

## चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

# न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

### फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी



### फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

### ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

### शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।




### एमआई के बल्लेबाजी कोच बने उथप्पा



**नई दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 के सत्र से पहले शुक्रवार को अपने कोचिंग स्टाफ में व्यापक फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

# सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

**आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट**



एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।

### शानदार फार्म में पडिक्कल

*पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।*

# हाइलो ओपन : सेमीफाइनल में सिंधू, अंतिम 4 में लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जर्मनी की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य सेन ने भी पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधू के सामने अब सेमीफाइनल में हमवतन अनमोल खरब की चुनौती होगी। अनमोल ने एक कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा को तीन गेम में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस तरह महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के आमने-सामने होने से भारत का फाइनल में एक स्थान पक्का हो गया है। सिंधू ने शुल्ज को महज 27 मिनट में 21-12, 21-10 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। सिंधू पूरे मुकाबले में हावी रहीं और कुल खेले गए 64 अंकों में से 42 अपने नाम किए।



### द्रविड़-सहवाग अंडर-19 भारतीय टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारूप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा** Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं/गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक/ पावती सहित/स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने/ गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं/ गारंटरों ने, अपनी निम्नलिखित चल/ अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं.बैंक की देया राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तों को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागु करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तों के अनुरुप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री/पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं. | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम और पता | बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक:30.09.2026) (नोटिस दिनांक:03.10.2026) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौबे कॉलोनी शाखा,रायपुर 9930489460 | मेसर्स ऐरावत बिल्डकॉन प्रोप. श्री इंद्रजीत सिंह, एमआईजी-I, 829, हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र के पास, वार्ड नं. 15, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490023 श्री इंद्रजीत सिंह मेसर्स ऐरावत बिल्डकॉन के प्रोप. प्लाट नं. 8, ब्लॉक नं. 23, वार्ड नं. 12, जवाहर नगर आवास योजना, सुपेला, भिलाई, दुर्ग, छ.ग. - 490026 | रु. 36,97,624.29 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | साम्यिक बंधक संपत्ति का वह सभी और अभिन्न अंग जिसमें शामिल संपत्ति से संबंधित प्लाट नं. 8, क्षेत्रफल- 135 वर्गमीटर संपत्ति स्थित पुराना राम नगर, वार्ड नं.- 14, न्यू जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं.- 25, भिलाई नगर निगम के अंतर्गत, जवाहर नगर आवासीय स्कीम, ब्लॉक नं.- 23, मौजा कोहका, तहसील एवं जिला- दुर्ग हैं जो श्री इंद्रजीत सिंह पिता श्री हरनेक सिंह के नाम पर हैं, निवासी मकान नं. एमआईजी 1/829, हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, छ.ग. सीमाएं: उत्तर- प्लाट नं. 09, दक्षिण- प्लाट नं. 07, पूर्व- प्लाट नं. 25, पश्चिम - 20 फीट चौड़ी सड़क. |
| 2 | रुक्मणी कॉम्प्लेक्स गुढ़ियारी शाखा रायपुर 9109993963 | 1. श्री अविनाश चैनानी पिता श्री भीषम चैनानी (आवेदक) मकान नं. 114/45, पवन विहार, आरसी ब्लड बैंक अमलीडीह के पास, रायपुर पिन-492001, छ.ग. 2. श्रीमती आशा चैनानी पति श्री भीषम चैनानी (सह आवेदक एवं जमानतदार) मकान नं. 114/45, पवन विहार, आरसी ब्लड बैंक अमलीडीह के पास,रायपुर पिन-492001,छ.ग. 3. श्री भीषम चैनानी (सह आवेदक),मकान नं.114/45, पवन विहार,आरसी ब्लड बैंक अमलीडीह के पास, रायपुर,492001,छ.ग., 4. मेसर्स सेन केयर लाइफ साइंसेज,भूतल एवं प्रथम तल, दुकान नं.194, औषधि वाटिका,धमतरी रोड, डुमरतराई, रायपुर,492001. | रु. 36,45,614.00 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | (एनपीए दिनांक:21.12.2025) (नोटिस दिनांक:17.10.2026) आवासीय परिवर्तित भूमि स्थित खसरा नं.- 15/15, क्षेत्रफल- 900 वर्गफीट, प.ह.नं.- 69, स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं.- 52, द्रोणाचार्य स्कूल के पास, पवन विहार, मौजा अमलीडीह, जिला - रायपुर, छ.ग. - 492001 हैं जो श्रीमती आशा चैनानी पति श्री भीषम चैनानी के नाम पर हैं.सीमाएं: पूर्व- रोड, पश्चिम- जयसिंघानी की भूमि, उत्तर- जयसिंघानी की भूमि, दक्षिण- रोड. स्टॉक और बुक ऋण का दृष्टिबंधक हाइपोथिकेशन |

दिनांक:31.10.2026, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

नगरपालिका आम / उप निर्वाचन

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

"लोकतंत्र की शान, आपका मतदान"

नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 (संशोधित)

दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब 30.10.2026 से बढ़ाकर 03.11.2026 की गई।

निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन
दिनांक 23.10.2026

- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- सहा. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय
- दावा/आपत्ति हेतु निर्धारित स्थल

दावा/आपत्ति कौन कर सकता है

जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई हो तथा
(1) जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन की प्रचलित निर्वाचक नामावली में है, किन्तु नगरपालिका की निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन में छूट गया हो, अथवा
(2) जिनका नाम गलत वार्ड में प्रकाशित हो गया हो, अथवा
(3) जिनका विवरण निर्वाचक नामावली में त्रुटिपूर्ण है उसके संशोधन हेतु, अथवा
(4) यदि प्रारंभिक प्रकाशन में किसी मतदाता/स्वयं के निर्वाचक नामावली में नाम होने पर आपत्ति हो तो उसके विलोपन हेतु।

दावा/आपत्ति का प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| A. | प्रारूप क | उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 1 एवं 2 हेतु |
| B. | प्रारूप ख | उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 3 हेतु |
| C. | प्रारूप ग | उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 4 हेतु |
| D. | प्रारूप क-1 | यदि आपका नाम नगरपालिका की प्रारंभिक प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं विधानसभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली दोनों में नहीं है तो पहले विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाकर प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को **दिनांक 11.11.2026** तक आवेदन करना होगा। |

संशोधित नवीन प्रावधान

दावा/आपत्ति का स्थान एवं समय

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विन्हांकित स्थलों पर प्राधिकृत कर्मचारी को निर्धारित समय पर आवेदन प्रस्तुत कर उसकी पावती अवश्य लेंवें।




# वो देश, जहां लगता है तलाकशुदा महिलाओं का मार्केट, मोटापा है खूबसूरती का पैमाना



**नुआकशोत।** अफ्रीकी महाद्वीप के पश्चिमी हिस्से पर बसा देश मॉरिटानिया किसी अजूबे से कम नहीं है। यह देश सहारा रेगिस्तान, इस्लामिक इतिहास, प्राचीन संस्कृति के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई तरह के पक्षी पाए जाते हैं। इस देश का ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तान है। यहां की आबादी 60 लाख के आसपास है। इस देश की राजधानी नुआकशोत है। अटलांटिक महासागर के तट पर बसा यह शहर सबसे ज्यादा गुलजार रहता है। यह इस देश का सबसे बड़ा शहर है। देश की एक तिहाई आबादी इस शहर में रहती है। 14 लाख से ज्यादा लोग इस शहर में रहते है।

यह एक इस्लामिक देश है। विश्व प्रसिद्ध चिंगुएटी मस्जिद भी इस देश में है। 1958 तक यह केवल एक छोटा सा मछुआरों का गांव था। मॉरिटानिया में फ्रांस का शासन था। 1960 के आसपास आजादी मिली। यहां के लोग गांवों में सहारा रेगिस्तान के बीच टेंट बनाकर रहते हैं। यहां पर गुलामी की प्रथा 2007 तक रही। यहां पर ऊंट खूब पाले जाते हैं। इसे ऊंटों का देश भी कहा जाता है।

मॉरिटानिया की आबादी का 30 फीसदी हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहा है। इस देश में तेल-प्राकृतिक गैस का अथाह भंडार है। देश प्राकृतिक खजाने से भरा हुआ है, लोह अयस्क, सोना, तांबा, जिप्सम, फास्फेट सबकुछ है लेकिन सही प्रबंधन न होने के चलते यह कुदरत का खजाना भी गरीबी नहीं मिटा पा रहा है।

## आजीविका का एक जरिया है शादी भी

मॉरिटानिया में कोई भी शख्स कितनी भी शादियां कर सकता है। तलाक दे सकता है। यहां पर जो महिलाएं तलाक ले लेती हैं, उन्हें सुंदर और समझदार माना जाता है। यहां पर जो महिलाएं मोटी होती हैं, उन्हें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। यहां पर खूबसूरती का पैमाना मोटापा है। जो महिलाएं मोटी होती हैं, माना जाता है कि वो खाते-पीते घर से हैं। आर्थिक रूप से सक्षम हैं। वैसे भी इस देश में महिलाएं बाजार-हाट में सामान बेचती नजर आती हैं। यहां पर शादी भी आजीविका का एक जरिया है।



## मेहमाननवाजी है बहुत फेमस

यहां पर बकरा ईद, मालिक अल नबी जैसे त्योहार खूब धूमधाम से मनाए जाते हैं। इस देश की हैंडमेड चीजें पूरी दुनिया में फेमस हैं। बहुत महंगी बिकती हैं। यहां पर पुराने जमाने का सामान मिलता है। यह देश सैलानियों का दिल जीत लेता है। यहां की मेहमाननवाजी बहुत फेमस है। पुदीने के चाय भी मिलती है। दुनिया के सबसे बड़े जहाजों का कब्रिस्तान यहीं पर है। यहां पर सबसे लंबी ट्रेन भी देखने को मिलती है। इस ट्रेन में 200 से ज्यादा कोच होते हैं।

## रोचक खबरें

## सौरमंडल को मिलेगा नया ग्रह!

**वॉशिंगटन।** सौरमंडल में ग्रहों की संख्या बढ़ सकती है। शक्तिशाली वेरा रुबिन ऑब्जर्वेटरी ने नेपच्यून (वरुण) के पार अंतरिक्ष के बेहद ठंडे इलाके में सूर्य का चक्कर लगा रहे ऐसे पिंड का पता लगाया है, जिसे एक्सपर्ट एक बौना ग्रह (ड्वार्फ प्लेनेट) मान रहे हैं। '2026 ईडी138' नाम का यह बर्फीला पिंड 600 से 1500 किलोमीटर (373 से 972 मील) चौड़ा हो सकता है।



इसके ड्वार्फ प्लेनेट होने की पुष्टि होती है तो एक बड़ी घटना होगी। खोजी गई यह चीज इतनी बड़ी है कि अपने गुरुत्वाकर्षण बल के कारण एक गोले का आकार ले सकती है। यही वह मुख्य विशेषता है, जो बौने ग्रहों को क्षुद्रग्रहों (एस्टेरॉयड) और अंतरिक्ष की छोटी चट्टानों से अलग करती है। अगर 2026 ED138 सच में बौना ग्रह है तो यह खगोल विज्ञान के लिहाज से बड़ी बात होगी। अब तक खगोलविदों ने केवल पांच ऐसे ग्रहों- प्लूटो, सेरेस, एरिस, हौमेया और माकेमाके की पुष्टि की है। अगर यह साबित हो जाता है कि ईडी138 एक बौना ग्रह है तो यह ऐसे खगोलीय पिंडों के एक बहुत छोटे समूह का हिस्सा बन जाएगा। 2026 ईडी138 की खोज मैथ्यू होलमैन ने की, जो 'सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स में काम करते हैं। यह अहम खोज 13 अक्टूबर को हुई, जब होलमैन ने रुबिन ऑब्जर्वेटरी से पहले जुटाए गए डेटा को एक ऐसे सर्च कोड के जरिए प्रोसेस किया, जिसे उन्होंने अपने सीएफए सहयोगी केविन नेपियर के साथ मिलकर तैयार किया था। 2026 ईडी138 की खोज की घोषणा के दिन (27 अक्टूबर) को होलमैन ने कहा, 'मेरी पहली प्रतिक्रिया यह थी कि क्या यह सच है। इस तरह के पिंड बहुत दुर्लभ होते हैं।

## भाभा एटॉमिक का कंप्यूटर इंजीनियर बन गया संन्यासी

**नई दिल्ली।** गंगोत्री की पहाड़ियों से सामने आया एक संन्यासी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह कहानी किसी आम इंसान की नहीं, बल्कि देश के सबसे प्रतिष्ठित भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से जुड़े रहे एक पूर्व कंप्यूटर इंजीनियर की है। साल 2002 में बीटेक और फिर एमटेक करने के बाद इस शख्स ने लाखों के पैकेज और बड़े शहरों की चकाचौंध को छोड़कर संन्यास का रास्ता चुन लिया। संन्यास के बाद जब भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के उनके पूर्व बॉस ने उन्हें फोन कर पहाड़ों में रहने की बात जानी, तो हैरान होकर पूछा था, 'क्या तुम पागल हो गए हो?' आज लोग इनके इस हैरान कर देने वाले फैसले और जिंदगी को देखने के उनके अनोखे नजरिए की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे हैं। यह कहानी एक ऐसे साधु की है, जिन्होंने साल 2002 में कंप्यूटर इंजीनियरिंग जैसी प्रीमियम फील्ड से बीटेक किया। बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं होती, उन्होंने देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई से छह महीने की बेहद कठिन ट्रेनिंग पूरी की और फिर एमटेक की डिग्री भी हासिल की। कॅरियर के इस सुनहरे मोड़ पर जहां लोग बड़ी कंपनियों के सीईओ बनने का सपना देखते हैं, उन्होंने इस भौतिकवादी दुनिया को अलविदा कह दिया और पहाड़ों की राह पकड़ ली।



## 360 साल पुराना खौफनाक लॉकडाउन

**लंदन।** आज जब हम कोरोना और लॉकडाउन के बुरे दिनों को याद करते हैं तो रूह कांप जाती है। लेकिन सोचिए, आज से 360 साल पहले 1666 में जब न तो आज जैसी दवाइयां थीं और न ही अस्पताल की सुविधाएं, तब इंग्लैंड के एक छोटे से गांव ने खुद को मौत के मुंह में डाल दिया था। ये कहानी है इंग्लैंड के पीक डिस्ट्रिक्ट में बसे इयाम गांव की, जिसे 'प्लेग विलेज' भी कहा जाता है। इस गांव के लोगों ने दूसरों को बचाने के लिए जो किया, उसकी मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलती। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1665 में लंदन में बुबोनिक प्लेग यानी ब्लैक डेथ फैली हुई थी, जिसमें हजारों लोग मर रहे थे। इसी दौरान लंदन से कपड़ों का एक बक्सा इयाम गांव के एक दर्जी के पास पहुंचा। किसी ने सोचा भी नहीं था कि मौत उसी बक्से में छिपी है। कपड़ों में छिपे परजीवी पिस्सू इस बीमारी को लेकर आए थे। बक्सा खुलने के कुछ दिन बाद दर्जी के सहायक जॉर्ज विककार्स की रहस्यमय मौत हो गई। वह गांव का पहला शिकार था। उसके बाद पूरे गांव में प्लेग तेजी से फैल गया और लोग मरने लगे। जब हालात बिगड़ने लगे तो लोग जान बचाने के लिए शेफील्ड और मैनचेस्टर जैसे पास के शहरों में भागने लगे। तभी गांव के पादरी विलियम मोम्पसन ने एक बड़ा फैसला लिया। पादरी ने समझाया कि अगर गांव के लोग बाहर भागे तो यह बीमारी पूरे देश में फैल जाएगी और लाखों लोग मर जाएंगे।



## तैयार की नई टेक्नोलॉजी

# मंगल ग्रह की हवा से रॉकेट फ्यूल बनाएंगे चीन के साइंटिस्ट!

**बीजिंग।** चीन के साइंटिस्ट्स ने एक ऐसी टेक्नोलॉजी खोज ली है, जिससे मंगल ग्रह की हवा से रॉकेट का फ्यूल बनाया जा सकेगा। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा करते हुए कहा, 'मंगल की हवा में 95 परसेंट से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड है। साइंटिस्ट ने इसी बात का ध्यान रखते हुए हेफेई की एक सरकारी लैब में खास कैटेलिस्ट बनाया है, जो इसे मेथनॉल में बदल देता है।'

### कैसे बनता है यह फ्यूल?

साइंटिस्ट ने दावा किया है कि उन्होंने स्पंज जैसे क्रिस्टल पर कॉपर और सोडियम को मिलाकर यह कैटेलिस्ट बनाया है। यह मंगल ही हवा और वहां की बर्फ से मिलने वाले हाइड्रोजन को मिलाकर मेथनॉल बनाता है। लैब टेस्टिंग के बाद किए गए दावे के मुताबिक, एक किलो कैटेलिस्ट ने लगातार 12 घंटे तक हर घंटे 245 ग्राम मेथनॉल बनाया। इसमें पोटैशियम और सीजियम के मुकाबले सोडियम ने बहुत बेहतरीन नतीजे दिए।




### मीथेन के बजाय मेथनॉल ही क्यों?

एक तरफ जहां नासा और स्पेसएक्स मंगल पर मीथेन बनाने पर फोकस कर रही हैं, वहीं चीन के साइंटिस्ट ने मेथनॉल को चुना है। रिसर्च टीम के मुताबिक, इसकी वजह बहुत सीधी है। मीथेन को रखने के लिए बहुत ज्यादा ठंडक चाहिए, जबकि मेथनॉल नॉर्मल टेंप्रेचर पर भी पानी की तरह रहता है। इसीलिए इसे स्टोर करना काफी आसान है। दावे के मुताबिक, इस मेथनॉल से रोवर चलाने, बिजली बनाने, हीटर चलाने और घर बनाने की सामग्री जुटाने का काम भी आसानी से हो जाएगा।

### आगे क्या दिक्कतें हैं?

रिसर्च टीम के वैज्ञानिक झांग झे का कहना है कि यह तकनीक काम तो कर रही है, लेकिन अभी इसे असल में लागू करने से पहले कई मुश्किलें पार करनी होंगी। मंगल ग्रह की हवा बहुत पतली है। उस हवा को कैसे इकट्ठा किया जाएगा और उसे कैसे कंप्रेस करके रखा जाएगा, इस पर अभी काफी काम होना बाकी है।

## दिल्ली से 31 गुना बड़ा है भारत का यह अनोखा जिला

**नई दिल्ली।** भारत का नक्शा उठाकर देखें तो सैकड़ों जिले नजर आते हैं, लेकिन गुजरात का एक जिला ऐसा है जिसका फैलाव देखकर कोई भी दंग रह जाए। नाम है कच्छ। क्षेत्रफल के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा जिला है। इसका आकार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि देश की राजधानी दिल्ली से यह करीब 31 गुना बड़ा है। बात सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है, दुनिया के कई जाने-माने मुल्क भी इसके सामने छोटे साबित होते हैं।

कच्छ का कुल क्षेत्रफल करीब 45,674 वर्ग किलोमीटर है। इसका मतलब यह हुआ कि हरियाणा, केरल और गोवा जैसे पूरे के पूरे राज्य इसमें आसानी से समा सकते हैं। अकेले गुजरात के कुल क्षेत्रफल का लगभग 23 फीसदी हिस्सा इसी एक जिले में आता है। अगर दुनिया के नक्शे पर नजर डालें, तो स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, डेनमार्क और भूटान जैसे देश भी जमीन के मामले में कच्छ से छोटे हैं। कच्छ की पहचान सिर्फ उसकी जमीन के आकार से नहीं, बल्कि कुदरत के अनोखे मिजाज से भी है। यहां का 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' दुनिया के चुनिंदा सफेद रेगिस्तानों में गिना जाता है।

# दुबई में 24 कैरेट सोने से बनी सड़क पर चलेंगे लोग, पर्यटकों को होगा अनोखा अनुभव

**अबूधाबी।** सड़कें मिट्टी, रोड़ी, रेत, डामर और सीमेंट कंक्रीट जैसी सामग्रियों से बनाई जाती हैं। लेकिन, क्या आपने सोने से बनी सड़क बारे में सुना है? दुबई में सोने से एक सड़क बनाई जा रही है, जो बिल्कुल सच है। अब लोग सोने से बनी सड़क पर चलेंगे। दुबई में इस साल के आखिरी तक 24 कैरेट सोने से बना एक वॉकवे (पैदल रास्ता) खोल दिया जाएगा।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला और दुनिया का सबसे बड़ा सोने का रास्ता होगा। अभी से यह लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट के कमर्शियल सेक्टर के सीनियर डायरेक्टर राशिद अल हरमौदी ने बताया कि आने वाले दो महीने में इस सोने की सड़क को खोला जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का मकसद पर्यटकों को अनोखा अनुभव दिलाना है। उन्होंने यह ऐलान एक कार्यक्रम के दौरान किया।



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में आभूषण ब्रांड ने दुनिया के सबसे भारी और सबसे बड़े हाथ से बने पारंपरिक सोने के झुमके बनाए हैं। इन झुमकों को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। इसका जश्न मनाने के लिए दुबई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में राशिद अल हरमौदी ने सोने की सड़क की घोषणा की।

### दो महीने में खुलेगी सोने की सड़क

अल हरमौदी ने बताया कि यह गोल्ड वॉकवे दुबई की उसके पहचान को और मजबूत काम करेगा, जिसके तहत दुबई को पर्यटन और सोने के व्यापार के लिए एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर आने वाले लोग और पर्यटक इस सुनहरे रास्ते पर चल सकेंगे। यह सोने का रास्ता इस इलाके में आने वाले लोगों को अनोखा अनुभव देगा।

## दुनिया का सबसे महंगा फल सोने से भी ज्यादा है कीमत



**टोक्यो।** दुनिया में कई फल ऐसे हैं, जिनकी कीमत अधिक होती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं एक ऐसा फल है, जिसकी कीमत सोने से भी ज्यादा है? इस मंहगे फल की कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। इस सामान्य आदमी नहीं खरीद सकता है। यह फल जापान में मिलता है, जिसकी कीमत लाखों में है।

**इस फल की होती है नीलामी :** कुछ लोग अलग-अलग फल खाना पसंद करते हैं। इन फलों की कीमत 100 से लेकर 1000 रुपए तक हो सकती है। लेकिन, इस फल की कीमत लाखों में है। अब आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि ऐसे कौन सा फल जिसकी कीमत लाखों रुपए है।

### जापान में मिलता है फल

दुनिया के महंगे फलों में शामिल यह फल युबरी खरबूजा है। इस फल की खेती जापान में की जाती है और वहीं पर बिकता है। इस फल का निर्यात बहुत कम किया जाता है। इसकी खेती सूरज की रोशनी में नहीं, बल्कि ग्रीन हाउस में होती है। जापान में मिलने वाले एक युबरी कस्तूरी खरबूजे की कीमत 10 लाख होती है।

## रामानुजन के सिद्धांतों पर आधारित अनंत समीकरणों की हुई खोज

**रिचमंड।** श्रीनिवास रामानुजन को भला कौन नहीं जानता है। इन्होंने ही गणितज्ञों को अनंत से रूबरू कराया। उन्होंने संख्या के विभाजन पर अभूतपूर्व काम किया। रामानुजन संख्या (1729) की खोज की। अनंत श्रेणियां खोजी और मॉक थीटा फंक्शन के बारे में दुनिया को बताया। अब उनके अनंत श्रेणियों के आधार पर अमेरिका के एमोरी यूनिवर्सिटी के एक पीएचडी रिसर्चर यिफेंग हुआंग ने अपने साथी वैज्ञानिकों की मदद से अनगिनत रामानुजन समीकरण की खोज की है। उन्होंने यह खोज




रामानुजन के निधन के करीब 106 साल बाद किया है। भारत के इस प्रसिद्ध गणितज्ञ का निधन मात्र 32 साल की उम्र में 26 अप्रैल 1920 को हुआ था। अमेरिकन जर्नल ऑफ मैथमेटिक्स में प्रकाशित किए गए जर्नल के अनुसार, 1912 में श्रीनिवास रामानुजन ने इंग्लैंड के वैज्ञानिकों को अपने लिखे गणित के फॉर्मूलों को चिट्ठियों के माध्यम से भेजना शुरू किया था। इनमें से रामानुजन की कुछ चिट्ठियां कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के गणित के सीनियर प्रोफेसर जीएच हार्डी को भी मिली थी। उस समय जीएच हार्डी ने रामानुजन के ज्ञान की जमकर तारीफ की थी। बाद में जब यिफेंग हुआंग मिशिगन यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे थे, तब उनके हाथ रामानुजन समीकरण लगा। उन्होंने इससे संबंधित कई आइडिया जीएच हार्डी को मेल के जरिए भेजा।

### हुआंग ने रामानुजन से सिद्धांत पर आधारित खोज की

हुआंग के आइडिया गणित के दो फॉर्मूलों पर आधारित थे। ये दोनों फॉर्मूले रामानुजन के भेजे गए खतों पर आधारित थे। वर्तमान समय में इन्हें रोजर्स-रामानुजन आइडेंटिटीज के नाम से जाना जाता है। इस काम में हुआंग के कई साथियों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने गणित का एक प्रूफ अपलोड किया कि पुराने इक्वेशन एक बहुत बड़ी ज्योमेट्रिकल थ्योरी से संबंधित है और यह अद्वितीय है। उन्होंने यह भी खोजा कि रोजर्स-रामानुजन आइडेंटिटीज एक खास जगह में एक ट्रेफॉइल नॉट से जुड़ी हैं।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.टी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलसा माल के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com